

आलिया भट्ट अपने बच्चे को मुंबई के इस अस्पताल में देंगी जन्म... पेज 7

# जय हिन्द जनाब

तापमान 27 °C | °F 16 °C | °F

हर नज़र पर ख़बर — हर ख़बर पर नज़र

आर्द्रता 48 % वात 19 KM/H



त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट पेज 8

वर्ष : 18, अंक : 228 पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए UPHIN/2005/14445 www.jaihindjanab.com नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) बुधवार, 19 अक्टूबर, 2022







## खास खबर

### हिमाचल विस चुनाव: भाजपा ने जारी उम्मीदवारों की लिस्ट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने हिमाचल विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार सुबह 62 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इनमें 5 महिलाएं शामिल हैं। 10 सिटिंग विधायकों के टिकट काट दिए। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सिराज सीट से चुनाव लड़ेंगे। उनके खिलाफ कांग्रेस के चेतराम मैदान में हैं। अनिल शर्मा को मंडी और सतपाल सिंह सत्ती को उना से टिकट दिया गया है। राज्य में सिंगल फेज में 12 नवंबर को मतदान होगा। नतीजे 8 दिसंबर को घोषित होंगे।

### कोरोना के नए वैरिएंट मिलने के बाद हुई हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर से कोरोना का संकट गहराता नजर आ रहा है। त्योहारों से पहले कोरोना के दो नए वैरिएंट एक्सबीबी और एक्सबीबी-1 मिले हैं। इसके चलते राज्य कोविड को फैलने से रोकने के लिए एडवाइजरी जारी कर रहे हैं। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कोविड-19 की स्थिति पर चर्चा के लिए हाई लेवल मीटिंग बुलाई। इस दौरान सभी सरकारी एजेंसियों के प्रमुख और वरिष्ठ डॉक्टर मौजूद रहे। बैठक में फैसला लिया गया कि मास्क और कोविड संबंधी सावधानियां देशभर में रखी जाएं। इस बैठक में अधिकारियों को जल्द नए वैरिएंट का पता लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

**- अर्ज है**

**जनाब ...**

**कांग्रेस को आज मिलेगा नया अध्यक्ष**

**जनाब-ए-आली**

**जो भी होगा दूसरा मनमोहन सिंह होगा...!**

# कांग्रेस को मिलेगा आज नया अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी को आज नया अध्यक्ष मिलेगा। पार्टी अध्यक्ष पद के लिए 24 साल बाद हुए चुनाव के वोटों की गिनती सुबह 10 बजे शुरू हो गई है। चुनाव के लिए देशभर की सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटियों में बैलेट बॉक्स भेजे गए थे। इन्हें नई दिल्ली के 24 अकबर रोड पर कांग्रेस मुख्यालय लाया गया है। यहीं सारे वोट गिने जा रहे हैं। शाम 4 बजे तक नतीजे आने के आसार हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर आमने-सामने हैं। काउंटिंग के दौरान थरूर समर्थन सलमान सोज ने उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में वोटिंग से पहले, पोलिंग के दौरान और मतदान के बाद गड़बड़ियों का आरोप लगाया। सोज ने कहा- हमने इस बारे में पार्टी के चुनाव प्रभारी मधुसूदन मिस्त्री को बता दिया है। इधर, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि खड़गे 90 प्रतिशत से ज्यादा वोटों से जीत रहे हैं।

- **थरूर समर्थक सलमान सोज ने कहा-वोटिंग में हुई गड़बड़ी**
- **प्रमोद तिवारी बोले- 90 प्रतिशत वोट खड़गे को मिलेंगे**




सोनिया गांधी 22 वर्ष तक कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं हैं उन्होंने पीएम पद नहीं स्वीकारा। 30 साल से यह परिवार किसी पद पर नहीं आया। सिर्फ संगठन की जिम्मेदारी संभाली थी, वो भी छोड़ दी। इसका दुख हम सबको है। राहुल जी अगर इसे संभालते, तो एक नया मैसेज जाता।

**अशोक गहलोत मुख्यमंत्री, राजस्थान**



यह एक ऐतिहासिक क्षण है,हमें गर्व है कि हमने इतने लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराया। खड़गे साहब और शशि थरूर का कहना है कि जो भी अध्यक्ष बने, वे सभी के साथ विचार-विमर्श करेंगे और निश्चय ही सोनिया गांधी या गांधी परिवार के परामर्श को सुनेंगे।

**गौरव गोगोई, मतगणना एजेंट**



परिवहन विभाग की कार्रवाई

## 50 लाख से ज्यादा वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन विभाग ने इस साल अब तक 50 लाख से ज्यादा वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया है। आधिकारिक डेटा के मुताबिक, जिन वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द हुआ है उनमें डीजल से चलने वाली 10 साल से पुरानी गाड़ियों के अलावा पेट्रोल से चलने वाली 15 साल पुरानी गाड़ियां भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि एक साल में पहली बार इतनी ज्यादा संख्या में वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया है। दिल्ली में प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए ट्रांसपोर्ट विभाग प्रदूषण पैदा करने वाली वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर ही है। डेटा के मुताबिक, 53,38,045 वाहनों के रजिस्ट्रेशन साल 2018 और 2022 के बीच रद्द किये गये। इनमें 50,25,447 वाहनों का रजिस्ट्रेशन इस साल 17 अक्टूबर तक रद्द किया गया। साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया था।

ग्रेप का उल्लंघन करने पर यूपीपीसीबी का एक्शन

## 17.62 लाख रु. का लगा जुर्माना

**जय हिन्द संवाद**

**नोएडा।** ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के नियमों का उल्लंघन करना अब भारी पड़ेगा। नोएडा में यूपीपीसीबी की टीम ग्राउंड जीरो पर पहुंच कर ये सुनिश्चित कर रही है की ग्रेप के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाए। इसी कड़ी में 17.62 लाख का जुर्माना उन पर लगाया गया है, जो ग्रेप के नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए हैं। इस दौरान यूपीपीसीबी के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

यूपीपीसीबी के अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण के दौरान ग्रेप का उल्लंघन होते हुए पाया गया। इस पर संबंधित ठेकेदार व कंपनी पर जुर्मान लगाया गया। इनमें एक निर्माण कंपनी, एक मैटेरियल सप्लायर समेत प्राधिकरण के विभिन्न वर्ग सर्किल शामिल हैं। पार्थला चौक पर निमार्णाधीन सिग्नेचर ब्रिज, परथला चौक वा



खुले में मिट्टी डालने वाले पर कार्रवाई की गई है। निर्माण कंपनी मैसर्स मंगलम बिल्डकॉन इंडिया पर 5 लाख, मैसर्स शुक्ला बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर प्रधान मार्केट पर 50 हजार। प्राधिकरण के वर्क सर्किल 1 में 30 हजार, वर्क सर्किल 3 में 10 हजार, वर्क सर्किल 5 में 40 हजार, वर्क सर्किल 6 में 70 हजार रुपए समेत अन्य सर्किलो को मिलाकर जुर्माना लगाया गया है।

ये जुर्माना रोड डस्ट, खुले में रखा कंस्ट्रक्शन मैटेरियल, फ्लाईओवर कंस्ट्रक्शन के दौरान नियमों की अनदेखी पर लगाया गया है।

## आवासीय भूखंडों की नीलामी शुरू

**जय हिन्द संवाद**

**नोएडा।** प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना में ई-ऑक्शन आज से शुरू हो गया। आगामी 21 अक्टूबर तक यह नीलामी प्रक्रिया चलेगी। मालूम हो कि प्राधिकरण ने पिछले महीने आवासीय भूखंडों की योजना निकाली थी। पिछली सात अक्टूबर को यह योजना बंद हो गई। 11 अक्टूबर से इसमें बोली लगनी थी। आवेदनों की ज्यादा तादात और सर्वर की कम क्षमता के चलते बोली लगाने की तारीख 11 से बढ़ाकर 18 अक्टूबर कर दी गई।

18 अक्टूबर यानि (कल) से बोली होनी है। लेकिन सर्वर साथ नहीं दे रहा है। प्राधिकरण के आवासीय भूखंड विभाग ने कल बोली कराने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। ओएसडी ज्योत्सना यादव और एजीएम एके सिंह



समेत अनेक कर्मचारी छुट्टी के दिन शनिवार-रविवार में भी सिस्टम को दुरुस्त करने में जुटे रहे। तमाम कोशिशों के बाद भी सिस्टम सही नहीं हुआ नतीजतन 18 तारीख को भी नीलामी शुरू नहीं हो सकी।

आज सुबह से 11 बजे से ओएसडी ज्योत्सना यादव की देखरेख में नीलामी की प्रक्रिया शुरू हो गई। एजीएम एके सिंह ने बताया कि नीलामी की प्रक्रिया में आवेदक जोश-ओ-खरोश से हिस्सा ले रहे हैं।

दिल्ली नगर निगम के 250 वार्ड का परिसीमन पूरा

## जल्द हो सकता है चुनाव की तारीखों का ऐलान


**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 250 वार्ड के परिसीमन का काम पूरा हो गया है। अब राजधानी के नगर निगम में 250 वार्ड होंगे, इनमें से 42 वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होंगे। केंद्र सरकार ने इसके लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। परिसीमन पूरा होने से दिल्ली नगर निगम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है, यहां जल्द ही चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। इससे पहले दिल्ली का राज्य चुनाव आयोग महिलाओं और अनुसूचित जाति के लिए सीट चिन्हित और आरक्षित करेगा, फिर इसका नोटिफिकेशन किया जाएगा। बता दें कि पहले एमसीडी में वार्डों की संख्या 272 थी। वहीं, केंद्र ने दिल्ली के नगर निगम में अधिकतम सीटों की संख्या 250 तय की थी। शहर के 3 नगर निगमों को एकीकृत करने के बाद पहली बार निकाय चुनाव होंगे।

## गाजियाबाद में दिल्ली की महिला से दो दिन गैंगरेप

**जय हिन्द संवाद**

**गाजियाबाद।** दिल्ली की एक महिला से निर्भया जैसी हैवानियत की गई। पांच युवकों ने उसे अगवाकर 2 दिन तक रेप किया। उसके प्राइवेट पार्ट में रॉड घुसा दी। इसके बाद सड़क किनारे फेंककर भाग गए। युवती सड़क किनारे बोरी में मिली, तब भी रॉड उसके उसके शरीर के अंदर थी।

युवती का इलाज दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने इस सिलसिले में दीनू, शाहरुख, जावेद, धोला, औरंगजेब उर्फ जहीर के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें से 4 से पूछताछ की



जा रही है। महिला के भाई ने बताया- घटना 16 अक्तूबर की है। बहन मेरी बर्थडे पार्टी में आई थी। पार्टी खत्म होने के बाद मैं रात साढ़े 9 बजे दिल्ली आश्रम रोड नंदग्राम हाईवे पर छोड़कर आ गया था, जहां बहन ऑटो का इंतजार कर रही थी। रात साढ़े 11 बजे भांजे ने फोन कर बताया कि मां घर नहीं पहुंची है। इसके बाद खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

पुलिस एफआईआर के मुताबिक, पीड़िता को कुछ स्कॉर्पियो सवार युवक बंदूक दिखाकर सड़क से उठाकर ले गए। स्कॉर्पियो में चार लोग थे। वे उसको एक सुनसान जगह पर लेकर गए। उस जगह एक युवक पहले से मौजूद था। पांचों ने उसके साथ दो दिन तक दुष्कर्म किया। इसके बाद हाथ-पैर बांध दिए और बोरे में बंद करके फेंककर चले गए।

**हैवानियत**

**बोरी में भरकर सड़क पर फेंका, मिली तब शरीर के भीतर रॉड थी**

### महिला आयोग ने गाजियाबाद पुलिस को दिया नोटिस

दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन स्वाति मालिवाल ने आज ट्वीट करके कहा कि दिल्ली की लड़की गाजियाबाद से रात में वापस आ रही थी, उसे जबरन गाड़ी में उठा ले गए। 5 लोगों ने 2 दिनों तक बलात्कार किया। उसके प्राइवेट पार्ट में रॉड घुसा दी। सड़क किनारे बोरी में मिली, तब भी रॉड उसके अंदर थी। अस्पताल में जिंदगी के लिए लड़ रही है। एसएसपी गाजियाबाद को नोटिस इशू किया है।

## पीएम मोदी ने डिफेंस एक्सपो-22 का किया उद्घाटन

### सक्सेस स्टोरी बन रहा मेक इन इंडिया, पिछले 8 साल में डिफेंस एक्सपोर्ट 8 गुना बढ़ा

**जय हिन्द संवाद**

**गांधीनगर।** दो दिन के गुजरात दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर में डिफेंस एक्सपो-22 का उद्घाटन किया। साथ ही उत्तरी गुजरात के दीसा में वायु सेना की 52वीं विंग के नए एयरबेस की आधारशिला रखी। उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि ये देश का ऐसा पहला डिफेंस एक्सपो है जिसमें केवल भारतीय कंपनियां ही भाग ले रही है। केवल मेड इन इंडिया रक्षा उपकरण ही शामिल हुए हैं।

डिफेंस एक्सपो-22 के 12वें एडिशन के दौरान मोदी ने कहा कि डिफेंस फोर्सेस ऐसी 101 चीजों की लिस्ट जारी करेंगे जिनका आयात बैन कर दिया जाएगा। इनके साथ 411 डिफेंस गुड्स



केवल लोकल लेवल पर ही खरीदे जा सकेंगे।

पीएम मोदी ने रक्षा क्षेत्र के एक्सपोर्ट और उनकी बढ़ती लोकप्रियता से जुड़े फैक्ट्स भी शेयर किए। उन्होंने कहा- मेक इन इंडिया कॉन्सेप्ट डिफेंस जोन की सक्सेस स्टोरी बन रहा है। पिछले 8 साल में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 8 गुना बढ़ा है। 2021-2022 में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट करीब 13,000 करोड़ रुपए हो चुका है और आने वाले समय में हमने इसे 40,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर वैश्विक व्यापार तक मेरीटाइम सेक्योरिटी एक ग्लोबल प्राथमिकता बनकर उभरी है। ऐसे में दुनिया की भारत से अपेक्षाएं बढ़ी हैं। और इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत हर कोशिश प्रयास करता रहेगा। ये डिफेंस एक्सपो भारत के प्रति वैश्विक विश्वास का भी प्रतीक है।

> अंतरिक्ष में भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए भारत को अपनी यह तैयारी और बढ़ानी होगी। डिफेंस फोर्सेस को नए इनोवेशन करने होंगे। अंतरिक्ष में भारत की शक्ति सीमित न रहे और इसका फायदा भी केवल भारतीयों तक ही सीमित न हो, ये हमारा मिशन भी है और विजन भी है।
>
> **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**







PRIYAGOLD


**Breaking**

>> नई दिल्ली : हाईकोर्ट में अग्निपथ योजना को चुनौती देना वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू >> यूपी: शोपियां हमले में मारे गए थे यूपी के 2 मजदूर, योगी सरकार ने 5-5 लाख मुआवजे का किया ऐलान >> तेलंगाना : पूर्व सांसद बूरा नरसैय्या गौड़ बीजेपी में शामिल, टीएमसी से दिया था इस्तीफा

# समान नागरिक संहिता पर सुप्रीम कोर्ट को केंद्र का जवाब

## कानून बनाना संसद का काम, याचिका हो खारिज

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** केंद्र ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह संसद को देश में समान नागरिक संहिता पर कोई कानून बनाने या उसे लागू करने का निर्देश नहीं दे सकता है। कानून और न्याय मंत्रालय ने अपने हलफनामे में कहा कि नीति का मामला जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को तय करना है और इस संबंध में केंद्र द्वारा कोई निर्देश जारी नहीं किया जा सकता है। हलफनामा अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था जिसमें उत्तराधिकार, विरासत, गोद लेने, विवाह, तलाक, रखरखाव और गुजारा भत्ता को विनियमित करने वाले व्यक्तिगत कानूनों में एकरूपता की मांग की गई थी।

केंद्र ने याचिका को खारिज करने की मांग करते हुए कहा, यह कानून की तय स्थिति है जैसा कि इस अदालत द्वारा निर्णयों की श्रेणी में रखा गया है कि हमारी संवैधानिक योजना के तहत, संसद कानून बनाने के लिए संप्रभु शक्ति का प्रयोग करती है और इसमें कोई बाहरी शक्ति या प्राधिकरण हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

मंत्रालय ने आगे कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 44 एक निर्देशक सिद्धांत है जिसमें राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करने की आवश्यकता है।मंत्रालय ने कहा कि अनुच्छेद 44 संविधान की




प्रस्तावना में निहित धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य को मजबूत करने के लिए है। यह प्रावधान समुदायों को उन मामलों पर साझा मंच पर लाकर भारत के एकीकरण को प्रभावित करने के लिए प्रदान किया गया है जो वर्तमान में विविध व्यक्तिगत कानूनों द्वारा शासित हैं।

मंत्रालय ने शीर्ष अदालत को बताया कि वह इस मामले से अवगत है और 21 वें विधि आयोग ने कई हितधारकों से अभ्यावेदन आमंत्रित करके इस मुद्दे की विस्तृत जांच की, हालांकि, उक्त आयोग का कार्यकाल अगस्त 2018 में समाप्त होने के बाद से मामले को पहले रखा जाएगा।

जब भी इस मामले में विधि आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होगी, सरकार मामले में शामिल विभिन्न हितधारकों के परामर्श से इसकी जांच करेगी। याचिकाओं में संविधान की भावना और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों को ध्यान में रखते हुए देश के सभी नागरिकों के लिए तलाक, गुजारा भत्ता, उत्तराधिकार, विरासत, गोद लेने, शादी और भरण-पोषण के लिए एक समान आधार की मांग की गई थी।सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 2002 के बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में 11 दोषियों की सजा और रिहाई और गुजरात दंगों के दौरान उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने निर्देश दिया कि गुजरात सरकार द्वारा दायर जवाब सभी पक्षों को उपलब्ध कराया जाए। याचिकाकर्ताओं को गुजरात सरकार द्वारा दायर हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया गया है।

## दिल्ली दंगा षडयंत्र मामले में उमर खालिद की जमानत खारिज



जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में कार्यकर्ता और जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद को जमानत देने से इनकार कर दिया। खालिद को दो साल पहले शहर में फरवरी 2020 के दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने नौ सितंबर को याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। खालिद ने तर्क दिया है कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा में न तो उसकी आपराधिक भूमिका थी और न ही मामले के अन्य आरोपियों के साथ कोई साजिश रचने का संबंध था। उन्होंने प्रस्तुत किया है कि उनके खिलाफ अभियोजन पक्ष के मामले और फरवरी 2020 में उनके अमरावती भाषण का समर्थन करने के लिए कोई सामग्री नहीं है, जो उनके खिलाफ आरोपों का आधार बनती है, न केवल अहिंसा के लिए एक स्पष्ट आह्वान था, बल्कि हिंसा भी नहीं हुई थी। कहीं भी। दिल्ली पुलिस ने खालिद की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिया गया भाषण बहुत सोच-समझकर दिया गया था और बाबरी मस्जिद, तीन तलाक, कश्मीर, मुसलमानों के कथित दमन और नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय जैसे मुद्दों को उठाया गया था। नागरिकों का रजिस्टर (एनआरसी)। एजेंसी ने तर्क दिया है कि दंगे दो चरणों में हुए, पहले 2019 में और फिर फरवरी 2020 में, और सड़कों की नाकेबंदी, पुलिस कर्मियों और अर्धसैनिक बलों पर हमले, गैर-मुस्लिम क्षेत्रों में हिंसा आदि के अलावा दंगों के दौरान गलत सूचना फैलाई गई। इसने तर्क दिया है कि मामले में विभिन्न अभियुक्तों द्वारा दिए गए भाषणों में एक सामान्य कारक है जिसका सार मुस्लिम आबादी में भय की भावना पैदा करना था।

खालिद, शारजील इमाम, और कई अन्य लोगों पर आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत कथित तौर पर फरवरी 2020 के दंगों के मास्टरमाइंड होने के लिए मामला दर्ज किया गया है, जिसने 53 को छोड़ दिया था। लोग मारे गए और 700 से अधिक घायल हो गए। सीएए और एनआरसी के विरोध में प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी।हाई कोर्ट ने अप्रैल में खालिद की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। खालिद को दिल्ली पुलिस ने सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया था। खालिद के अलावा, कार्यकर्ता खालिद सैफी, जेएनयू छात्र नताशा नरवाल और देवांगना कलिता, जामिया समन्वय समिति के सदस्य सफूरा जरगर, आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और कई अन्य लोगों पर भी मामले में सख्त कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## पूर्व विधायक मामले में गवाही हुई, बैरक से मिली थी बुलेटप्रूफ जैकेट और मोबाइल



जय हिन्द संवाद

**आगरा।** बांदा जेल में बंद मऊ के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के मामले में मंगलवार को तत्कालीन एडीएम सिटी एके सिंह और खंदौली निवासी जगवीर की गवाही हुई। अगले गवाह के रूप में तत्कालीन एसएसपी सुबेश कुमार सिंह और तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट पीएन दुबे को न्यायालय ने 9 नवंबर को तलब किया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता डॉ. रवि अरोड़ा ने बताया कि विशेष मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट, अर्जुन ने अगली तिथि 9 नवंबर नियत की है। मुकदमे में कुल 25 गवाह हैं। अब तक तत्कालीन जिलाधिकारी आरके तिवारी,वरिष्ठ अधीक्षक केंद्रीय कारागार केदारनाथ समेत आठ लोगों की गवाही हो चुकी है।

घटना 18 मार्च 1999 की है। पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी केंद्रीय कारागार आगरा में बंद था। तत्कालीन डीएम आरके तिवारी, एसएसपी सुबेश कुमार, एसपी सिटी डीसी मिश्रा, एडीएम सिटी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि ने फोर्स के साथ केंद्रीय कारागार पर छापा मारा था। अंसारी की बैरक से बुलेटप्रूफ जैकेट, मोबाइल व सिम आदि बरामद किया था। उसके खिलाफ जगदीशपुरा थाने में तत्कालीन थानाध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में वादी शिवशंकर शुक्ला, उप निरीक्षक रूपेंद्र गौड़ समेत कई प्रमुख लोगों की गवाही हो चुकी है।

# वित्त मंत्री द्वारा एन. एच. एम यूनियन पंजाब के साथ मीटिंग

### यूनियन के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा, जायज माँगों के हल का दिया भरोसा

जय हिन्द संवाद

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने एन. एच. एम यूनियन पंजाब को विश्वास दिलाया कि नेशनल हैल्थ मिशन के अंतर्गत राज्य में काम कर रहे मुलाजिमों को पक्का करने और इस सम्बन्धी वित्तीय और कानूनी नुक्तों को सरकारी विभागों में ठेके पर काम करते मुलाजिमों की सेवाओं को रेगुलर करने के लिए गठित तीन सदस्यीय कैबिनेट कमेटी की तरफ से चर्चा की जायेगी।

आज यहां अपने दफ्तर में एन. एच. एम यूनियन पंजाब के प्रतिनिधियों के साथ हुई मीटिंग के दौरान स. हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन केंद्र सरकार की योजना है जिसमें



पंजाब की तरफ से 40 प्रतिशत हिस्सा डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूनियन की तरफ से पहुँच करने से पहले ही सरकार की तरफ से एन. एच. एम. के मुलाजिमों के मामले से सम्बन्धित वित्तीय और कानूनी नुक्तों को गंभीरता से विचारा जा रहा है।

स. चीमा ने कहा कि कैबिनेट कमेटी पंजाब सरकार के विभागों में ठेके पर काम करते मुलाजिमों की सेवाओं को रेगुलर करने के लिए सहृदय यत्न कर रही है और यह यकीनी बनाया जा रहा है कि हर मामले का ऐसा हल निकाला जाये जिसको लागू करने में कोई कानूनी रुकावट पेश न आए। उन्होंने कहा कि यह भी पंजाब के इतिहास में पहली बार होगा कि किसी सरकार ने कार्यभार संभाते ही पहले दिन से ही राज्य के लोगों के साथ किये वायदे पूरे करने के लिए कार्यवाही आरंभ कर दी हो।

यूनियन नेताओं के साथ खुशगवार माहौल में हुई इस मीटिंग के दौरान वित्त मंत्री ने उनके मुद्दों के बारे विस्तार में चर्चा की। स. चीमा ने यूनियन को विश्वास दिलाया कि उनकी सभी माँगों पर हमदर्दी से विचार किया जायेगा।

इस मीटिंग में यूनियन नेताओं के इलावा एन. एच. एम के मैनेजिंग डायरैक्टर अभिनव त्रिखा और विशेष सचिव वित्त मोहित तिवारी भी हाजिर थे।

# ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में पुरातात्विक सर्वे मामला

## भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग पर 10 हजार का हर्जाना

जय हिन्द संवाद

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग पर 10 हजार रुपए हर्जाना जमा करने की शर्त पर 10 दिन में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया है। यह हर्जाना हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति में अगली सुनवाई 31 अक्टूबर तक जमा होगा। कोर्ट ने समय दिये जाने के बावजूद हलफनामा दाखिल नहीं करने पर नाराजगी जताई।

हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का पुरातात्विक सर्वे कराने के वाराणसी की अदालत के आदेश पर पहले ही 31 अक्टूबर तक रोक लगा रखी है। एएसआइ निदेशक से हलफनामा मांगा गया था। 31 अक्टूबर को इस मामले की अगली सुनवाई होगी ?।



अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया कर रहे हैं। कुल पांच याचिकाओं में से अर्थहीन हो चुकी तीन याचिकाओं पर 12 सितंबर को ही सुनवाई पूरी हो चुकी है। शेष दो याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। एक अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी और दूसरी यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की तरफ से दाखिल की गई है। हाईकोर्ट को मुख्य रूप से यही तय करना है की 1991 में वाराणसी की अदालत में दाखिल किए गए सिविल वाद की सुनवाई हो सकती है या नहीं। स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर विराजमान के वाद मित्रों ने वाराणसी की अदालत में मुकदमा दाखिल किया है।

पिछले साल वाराणसी की जिला अदालत ने विवादित परिसर का एएसआइ से सर्वेक्षण कराए जाने का आदेश दिया था। 28 सितंबर को कोर्ट ने जवाब दाखिल करने का दो हफ्ते का समय दिया था। एएसजी आई शशि प्रकाश सिंह व केंद्र सरकार के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कोर्ट से छह सप्ताह का समय मांगा। कोर्ट ने कहा 1991 से सिविल वाद वाराणसी की अदालत में विचाराधीन है। न्याय हित में हर्जाना जमा करने की शर्त पर कोर्ट ने समय दे दिया है।


## बिलकिस बानो मामला

### 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 2002 के बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में 11 दोषियों की सजा और रिहाई और गुजरात दंगों के दौरान उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने निर्देश दिया कि गुजरात सरकार द्वारा दायर जवाब सभी पक्षों को उपलब्ध कराया जाए। याचिकाकर्ताओं को गुजरात सरकार द्वारा दायर हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया गया है।

गुजरात सरकार द्वारा एक काउंटर दायर किया गया है। सभी वकीलों को जवाबी हलफनामा



उपलब्ध कराया जाए। गुजरात सरकार ने सोमवार को शीर्ष अदालत से कहा था कि छूट को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता और कुछ नहीं बल्कि एक इंटरलॉपर और व्यस्त व्यक्ति हैं। इसने यह भी कहा था कि चूंकि मामले की जांच सीबीआई द्वारा की गई थी, इसलिए उसने केंद्र से दोषियों को छूट देने के लिए उपयुक्त आदेश प्राप्त किए थे।बिलकिस बानो 21 साल की थीं और पांच महीने की गर्भवती थीं, जब गोधरा ट्रेन जलने की घटना के बाद भड़के दंगों से भागते समय उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था।

मारे गए सात परिवार के सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल है। इस मामले में दोषी ठहराए गए 11 लोगों को 15 अगस्त को गोधरा उप-जेल से रिहा कर दिया गया था, जब गुजरात सरकार ने अपनी छूट नीति के तहत उनकी रिहाई की अनुमति दी थी। उन्होंने जेल में 15 साल से अधिक समय पूरा किया था।

## किसान को तहसील के बाहर ले जाकर की सेटिंग, बताएं रेट, रिश्वत लेने में लेखपाल निलंबित

**फतेहपुर।** सदर तहसील के अचिंतपुर पिटाई में तैनात लेखपाल संतकुमार का रिश्वत लेने का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो गया है। जिसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम अवधेश निगम ने मंगलवार को लेखपाल को निलंबित कर दिया। प्रसारित वीडियो में लेखपाल रिश्वत का पैसा कानूनगो और आरके लिपिक को देने की बात भी कर रहा है, जिसके कारण इन दोनों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उधर प्रकरण को डीएम श्रुति ने भी गंभीरता से लेते हुए तहसील के कामकाज पर निगाह जमाई है। प्रसारित वीडियो में लेखपाल न सिर्फ रिश्वत ले रहा है, बल्कि बकायदे खसरा चढ़ाने और हिस्सा बांट बनाने का रेट भी बता रहा है। लेखपाल द्वारा कहा जा रहा है कि यह पैसा सिर्फ उनकी जेब में नहीं जाएगा बल्कि इसमें हिस्सा कानूनगो और आरके लिपिक को भी देना होगा, उन्हें हिस्सा मिलेगा तभी यह रिपोर्ट राजस्व दस्तावेज बनेंगी। एसडीएम ने लेखपाल पर कार्रवाई के साथ ही कानूनगो चंद्रपाल और आरके लिपिक कैलाश मिश्र को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। क्योंकि इस प्रसारित वीडियो में उनका भी नाम आ रहा है। वीडियो के प्रसारित होने के बाद लोग इंटरनेट मीडिया में तहसील के कार्यों पर भी तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं। लेखपालों द्वारा रिश्वत लेने का यह पहला प्रकरण नहीं है बल्कि इससे पहले भी इस तरह के मामले प्रकाश में आ चुके हैं। मौजूदा वर्ष में हुसेनगंज के लेखपाल दयाशंकर पांडेय पर लकड़ी कटवाने पर रिश्वत लेने का वीडियो प्रसारित हुआ था, और लेखपाल संतोष कुमार का वरासत के नाम पर पैसा लेने का वीडियो प्रसारित हो गया था।

# कानपुर के घाटमपुर में एक और ट्रैक्टर-ट्राली हादसा

## चालक की मौत और साथी की हालत गंभीर

जय हिन्द संवाद

**कानपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के पास पुलिया में एक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई जबकि, साथी घायल हो गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल को बाहर निकलकर भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया। गंभीर हालत में उसे कानपुर एलएलआर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मोहनपुर गांव निवासी 38 वर्षीय अजय कुरील अपने साथी 42 वर्षीय दिनेश कुरील के साथ मंगलवार देर शाम शटरिंग का सामान लेकर ट्रैक्टर-ट्राली से धरमपुर बम्बा गए थे। देर रात घर लौट रहे थे। तभी भीतरगांव-धरमपुर बम्बा मार्ग पर स्थित रघुनाथपुर मोड़ की पुलिया के पास पहुंचा ही था, तभी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पानी भरे रजबहे ने जा पलटी। हादसे में चालक अजय और साथी दिनेश ट्रैक्टर ट्राली के नीचे पानी में दब गए।



इसी दौरान वहां से गुजर रही पीआरवी के जवान दीवान सुरेश कुमार दबे दोनों लोगों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार कर दोनो को गंभीर हालत में कानपुर एलएलआर रेफर कर दिया गया। रास्ते में ट्रैक्टर चालक अजय की मौत हो गई, वहीं, साथी को अस्पताल में भर्ती करके उपचार किया जा रहा है। मामले में साढ़ थाना प्रभारी धमेंद्र कुमार ने बताया कि जानकारी मिली थी। पीआरवी कर्मियों ने घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया है।

## हत्या के मामले में डेढ़ साल बाद दर्ज हुआ था मुकदमा, अब इंस्पेक्टर के खिलाफ एफआइआर

**लखनऊ** । सरोजनीनगर में ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन के पास जनवरी 2021 में हुई 22 वर्षीय वीरेंद्र की हत्या के मामले में तत्कालीन इंस्पेक्टर और पुलिस कर्मियों ने घोर लापरवाही बरती थी। पुलिस की लापरवाही के चलते वीरेंद्र के पिता आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए डेढ़ साल दौड़ते रहे। इसके बाद पुलिस ने जून 2022 में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। इसकी शिकायत वीरेंद्र के पिता ने मानवाधिकार आयोग में की थी।

आयोग के आदेश पर तत्कालीन इंस्पेक्टर सरोजनीनगर महेंद्र सिंह, अतिरिक्त इंस्पेक्टर प्रेम व अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ लापरवाही बरतने, जिम्मेदारी न निभाने का आरोप लगाते हुए थाने के वर्तमान एसएसआइ चंद्र प्रकाश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वीरेंद्र मूल रूप से बरेली के जमुनिया के रहने वाले थे। वीरेंद्र के पिता प्रेम बाबू ने बताया कि उन्होंने 15 मई 2021 में मानवाधिकार आयोग में शिकायत की थी। वीरेंद्र यहां टीपी नगर मेट्रो स्टेशन के पास केएल कंस्ट्रक्शन टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिडेट कंपनी में काम करता था।

आरोप है कि बाराबंकी के फतेहपुर गौरा के रहन विवेक कुमार और हेमंत ने वीरेंद्र को पीटा था। इस दौरान लोहे के राड से दोनों ने वीरेंद्र के सिर पर प्रहार कर दिया था। जिससे वह घायल हो गया था। हमले में वीरेंद्र का साथी सद्दाम बी घायल हो गया था। वीरेंद्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उसे ट्रामा रेकर किया गया था। दो दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। प्रेम ने बताया कि आयोग ने जांच कराई तो इंस्पेक्टर, अतिरिक्त इंस्पेक्टर की लापरवाही सामने आयी थी।

# उनवल में नए नगर पंचायत भवन और बाईपास का लोकार्पण

जय हिन्द संवाद

**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर में हैं। मंगलवार को 300 करोड़ रुपए का प्री दिवाली गिफ्ट देने के बाद आज यानी बुधवार को भी गोरखपुर को दो बड़ी सौगातें देंगे। सीएम दोपहर 2.12 करोड़ रुपए से बने नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उर्फ उनवल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे।

इसके साथ ही सीएम यहां 20.27 करोड़ रुपए की लागत वाली उनवल बाईपास सड़क जनता को समर्पित करेंगे। 3.50 किमी लंबे उनवल बाईपास के निर्माण की लागत 20.27 करोड़ रुपए है। इस बाईपास के बन जाने से उनवल क्षेत्र के लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी।



इससे पहले मंगलवार को सीएम योगी ने यहां करीब 3 अरब रुपए के विकास कार्यों का प्री-दिवाली गिफ्ट दिया। उन्होंने नगर निगम की 215.97 करोड़ रुपए की लागत वाली 226 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इसके अलावा उन्होंने गोरखपुर विकास प्राधिकरण के 62.84 करोड़ के 54 विकास कार्यों का भी शिलान्यास किया।

## पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति ने लखनऊ में आजादी के बाद रचा इतिहास



जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ रजि. संस्था के मुख्य संरक्षक जनाब इरफान अहमद साहब, संरक्षक राज्यसभा सांसद गुलाम अली खटाना जी, संरक्षक सरफराज अली जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एहसान अब्बासी के नेतृत्व में संस्था के अथक प्रयासों के कारण पूरे उत्तर प्रदेश के पसमांदा समाज को एकत्रित कर भाजपा उत्तर प्रदेश को समर्थन कर एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में 16 अक्टूबर 22 को पसमांदा बुद्धिजीवी सम्मेलन उत्तर प्रदेश लखनऊ में उमड़ा जनसैलाब !! उत्तर प्रदेश के कोने-कोने से आए पसमांदा समाज के बुद्धिजीवी वर्ग का संस्था तहे दिल से स्वागत एवं आभार प्रकट करती है और हमारी संस्था लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा को यकीन दिलाती है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचंड जीत दिलाने के लिए देश के पसमांदा मुस्लिम समाज के मध्य जाकर भाजपा के पक्ष में वोट करने का आह्वान कर कंधे से कंधा मिलाकर हिंदुस्तान के नव निर्माण मैं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल एवं एक चाकू बरामद किया है।

बिसरखथाना प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया तो ,पहले तो वह बाइक लेकर भागने लगा। जब उसका पीछा किया तो उसे धर दबोचा और उससे बाइक के कागज मांगे। वह बाइक के कागज नहीं दिखा पाया और बाइक चोरी की होना बताया पुलिस ने पक? गए शातिर वाहन चोर की पहचान जय प्रकाश उर्फ जेपी पुत्र सोमवीर निवासी पूजा कॉलोनी लोनी, हाल पता सेक्टर 3 बिसरख बताया है।

■ **चोरी की दो बाइक, एक चाकू बरामद**

पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि वह वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था।

## शुगर मिल के बकाया गन्ना भुगतान व ब्याज को लेकर बैठक



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष चौधरी तेजपाल सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मोदीनगर शुगर मिल के बकाया गन्ना भुगतान व ब्याज के संबंध में जिलाधिकारी से मिला । जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने यह मांग की कि फरवरी महा का 14 करोड़ रुपया का भुगतान दीपावली से पहले होना चाहिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को आदेश कर 20 अक्टूबर तक भुगतान करने के निर्देश दिए । इस मौके पर जिलाधिकारी ने 24 करोड़ की आर सी है उसकी भी वसूली के आदेश दिए । इस मौके पर जिलाध्यक्ष चौधरी तेजपाल सिंह, महानगर अध्यक्ष अरुण चौधरी भुल्लन , गन्ना समिति के चेयरमैन अमरजीत सिंह बीड़ी, राष्ट्रीय सचिव सरदार इंदरजीत सिंह टीटू, पूर्व महानगर अध्यक्ष रविंद्र चौहान, सतेंद्र तोमर, राम भरोसे लाल मोरिया, भूपेंद्र बॉबी, संजीव ढिंढार , अजीत खंजरपुर ,योगेंदर पतला, राहुल

## गाय को बचाने में चार वाहनों से भिड़ा कार चालक

**नोएडा।** सड़क पर लावारिस घूम रही गाय को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई। कार का चालक तीन अन्य वाहनों को टक्कर मारते हुए पुलिस के वाहन से जा भिड़ा। इससे चारों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। शुक्र रहा कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई।

सेक्टर-49 थाना प्रभारी ने बताया कि कार चालक सुबह करीब सात बजे सेक्टर-49 से गुजर रहा था। इसी बीच रास्ते में सड़क पर एक गाय आ गई। गाय को बचाने के चक्कर में उसने कार को दूसरी तरफ मोड़ दिया। इससे वह कार पर नियंत्रण खो बैठा। इसी बीच कार तीन अन्य वाहनों को टक्कर मारते हुए आगे चल रही पुलिस की गाड़ी से भिड़ गई। हादसे में अन्य वाहन चालक बाल-बाल बच गए। हालांकि, वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## आरडब्ल्यूए ने रखी अपनी समस्याएं

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के उप खण्ड अधिकारी (स्छ्ह) श्री बृजमोहन सोनी जी तथा अन्य संबंधित प्राधिकारियों व कर्मचारियों की सैक्टर -19 आर डब्ल्यू ए के पदाधिकारियों के साथ सामुदायिक केंद्र कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई ।

आर डब्ल्यू ए की ओर से अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, महासचिव रोहित श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राम कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष एन.सी. वरुण व राज कुमार चौहान, कार्यालय सचिव आई. एस. गुप्ता तथा कार्य.सदस्य एम. एस.दहिया, एम. एल. प्रताप एवं जोगिंदर पाल महाजन आदि ने चर्चा में भाग लिया। आर डब्ल्यू ए के पदाधिकारियों ने विद्युत संबंधी जिन समस्याओं के समाधान की मांग की वे थीं।




पूर्व की भांति बिजली के बिल जमा करने की सुविधा सैक्टर -19 स्थित सब स्टेशन पर उपलब्ध कराई जाए ।

किसी भी दुर्घटना को रोकने के लिए बिजली के ढीले तारों में मजबूत फंट्टियां बांध कर उन्हें टाइट किया जाए

नीचे से गल चुके लोहे के खम्बों को या तो बदला जाए, या उनके चारों ओर एंगल लगा कर उन्हें सीमेंटेड किया जाए ।

टेढ़े खम्बो को बदला जाए ।

सैक्टर -19 के विभिन्न इलाकों में खतरनाक फ्लक्चुएशन को रोका जाए एवं विद्युत आपूर्ति उचित मानकों के अनुसार उपलब्ध कराई जाए।

सैक्टर के 'बी' और 'सी' में भी बिजली के खम्बो पर लिपटे पड़े व्यर्थ व अनुपयुक्त केबल के तारों को हटाया जाए ।

बिजली आपूर्ति के लिए खंबों पर सिंगल कोर केबल्स लगाई जाए। अधिकारियों ने उपरोक्त समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना, नोट किया और इनका समाधान करने का आश्वासन दिया ।

## श्रद्धेय नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने अज़ीम ज़ैदी पहुँचे सैफ़ई



**लखनऊ।** नोएड़ा महानगर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के नि0 अध्यक्ष अज़ीम ज़ैदी नेताजी मुलायम सिंह यादव जी को श्रद्धांजली देने पहुँचे अज़ीम ज़ैदी ने कहा नेताजी की स्मृतियां एवं विचार हम सभी को जीवन के हर क्षण में जनसेवा एवं प्रदेश की उन्नति के कार्यों के लिए प्रेरित करती रहेंगी। श्रद्धांजलि देने में साथ रहे लोहिया वाहिनी नि0 विधान सभा अध्यक्ष नकुल चौहान नोएड़ा महानगर लोहिया वाहिनी नि0 उपाध्यक्ष मो0दानिश महानगर लोहिया वाहिनी नि0 विजय यादव रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाशों को लगी गोली

जय हिन्द संवाद

**गाजियाबाद।** पुलिस की मंगलवार सुबह दो स्थानों पर बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इसमें तीन बदमाशों को गोलियां लगी हैं। तीनों को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी यूपी दिल्ली में राहगीरों से मोबाइल और चेन स्नैचिंग करते थे। उनके खिलाफ विभिन्न थानों में 50 से अधिक मुकदमें दर्ज है।

एसपी सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 4 बजे सिहानी गेट थाने की पुलिस टीम डीपीएस कट मेरठ रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। सामने से काले रंग की बाइक पर आ रहे दो संदिग्ध लोगों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस को देखते ही बाइक सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। इसमें दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान सुशील उर्फ मानव निवासी कस्बा मोदीनगर और श्रीराम उर्फ सुरेंद्र निवासी ज्योतिनगर दिल्ली के रूप में हुई। दोनों बदमाश अंतरराज्यीय स्तर के चेन स्नेचर हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन चेन, 58 हजार रुपए, एक उस्तरा, दो तमंचे-कारतूस आदि बरामद हुआ है।

## सुरक्षा गार्ड की बंदूक एवं मोबाइल चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस ने सुरक्षा गार्ड की बंदूक चोरी मामले को गंभीरता से लेते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाइसेंसी बंदूक एवं एक चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया है। साथ ही घटना में प्रयोग की गई बाइक भी बरामद की है।

थाना फेज 2 के थाना प्रभारी परमहंस तिवारी ने बताया कि बंदूक चोरी का मुकदमा दर्ज कर, पुलिस टीम ने बदमाशों की तलाश शुरू की और मंगलवार को गंदा नाला भंगेल के पास से मुखबिर की सूचना पर विकास उर्फ



विकका उर्फ लुक्का पुत्र धर्मवीर निवासी राजवीर कॉलोनी सलारपुर ,दीपक उर्फ लोधु पुत्र राजपाल निवासी उपरोक्त, अनिल पुत्र गुरचरण निवासी सेक्टर 16 जेजे कॉलोनी नोएडा , वीरपाल निवासी भंगेल को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सुरक्षा गार्ड की चोरी की गई बंदूक एवं उसका मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयोग की गई बाइक बरामद की है।

## पंजाब सरकार ने अलग-अलग देशों में तैनात राजदूतों से सहयोग माँगा

जय हिन्द संवाद

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के मुखियों से सहयोग की माँग की है।

विदेशों में भारतीय दूतावासों के मुखियों के प्रतिनिधिमंडल ने आज सॉफ्टवेयर प्रौद्यौगिकी पार्क आफ इंडिया ( एस. टी. पी. आई.) मोहाली में स्टार्टअप्प पंजाब हब (न्यूरोन) का दौरा किया और इनवैस्ट पंजाब की टीम के साथ बातचीत की। इस प्रतिनिधिमंडल में अमरीका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू, नीदरलैंड में भारत के राजदूत रीनत संधू, रूस में भारत के राजदूत पवन कपूर, तुर्की में भारत के राजदूत डा. वरिन्दर कुमार पाल, मंगोलिया में भारत के राजदूत महिंद्र प्रताप सिंह और टोगो में भारत के राजदूत संजीव टंडन ने प्रमुख सचिव निवेश प्रमोशन दलीप कुमार, सीईओ इनवैस्ट पंजाब कमल किशोर यादव और एसीईयो इनवैस्ट पंजाब उमा शंकर गुप्ता के साथ मुलाकात की।



इस मौके पर पेशकारी देते हुए सी. ई. ओ. इनवैस्ट पंजाब कमल किशोर यादव ने पंजाब में निवेशकों को प्रोजैक्ट के संकल्प और योजनाबंदी के बाद व्यवहारिक रूप देने और बाद में देखभाल की सुविधा देने के लिए इनवैस्ट पंजाब के वन-स्टॉप-आफिस माडल के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियाँ, स ?क, रेलवे और हवाई संपर्क के मामले में पंजाब की कुनैकटीविटी, बिना किसी निवास पाबंदियों के अनुकूल काम संबंधों और निर्विघ्न बिजली सप्लाई के बारे बताया, जो पंजाब में अपने संचालन स्थापित करने की कोशिश कर रहे कारोबारों के लिए सहायक है। पंजाब के औद्योगिक अनुकूल माहौल की खूबियाँ और विश्व के लिए इसकी संभावनाओं संबंधी चर्चा करते हुए सी. ई. ओ. इनवैस्ट पंजाब ने भारतीय राजदूतों के साथ पंजाब और सम्बन्धित देशों के दरमियान व्यापार और सहयोग के अलग-अलग मौकों के बारे भी बताया।

श्री यादव ने दूतावासों के मुखियों को विनती की कि वे अपने देश/क्षेत्र से राज्य में निवेश आकर्षित करने में सहयोग दें। उन्होंने फरवरी 2023 में होने जा रहे इनवैस्ट पंजाब सम्मेलन के लिए राजदूतों और निवेशकों के प्रतिनिधिमंडल को भी न्योता दिया।

## मोदीनगर पुलिस ने भी मुठभेढ़ में एक पकड़ा, दूसरा फरार

**मोदीनगर।** सोधा जाने वाले रोड पर फफराना तिराहे किनारे भी मोदीनगर पुलिस और बदमाशों की मुठभेढ़ हो गई। इसमें एक बदमाश फारुख निवासी सुंदरनगरी दिल्ली पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसका दूसरा साथी सलमान भाग निकला। पुलिस ने बताया कि फारुख शातिर किस्म का अपराधी है। इसके खिलाफ लूट, चोरी के दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में फारुख ने बताया कि वो राहगीरों से चेन व मोबाइल लूटता है।

## लोक अदालत में वादों को लेकर की बैठक

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु मा0 जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में तथा जयहिंद कुमार सिंह, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर को समय 12:30 बजे से जिला सूचना अधिकारी, तहसीलदार, एनपीसीएल व वी0एस0एन0एल विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में उपस्थित नायब तहसीलदार, जेवर, एन0पी0सी0एल0 व बी0एस0एन0एल0 विभाग की ओर से उपस्थित अधिकारीगणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने तथा नोटिस आदि भिजवाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा जिला सूचना अधिकारी एवं मीडिया बन्धुओं को राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

उक्त बैठक में श्री जयहिंद कुमार सिंह, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री राकेश चैहान, जिला सूचना अधिकारी, श्रीमती ज्योत्सना सिंह, नायब तहसीलदार, जेवर, श्रीमती सोनल कुशवाहा, बी0एस0एन0एल0, श्रीमती प्रियंका यादव, कनिष्ठ लेखाधिकारी, बी0एस0एन0एल0, श्री कपिल शर्मा, लीगल हेड एनपीसीएलएल, व श्री मनोज यादव, पंजाव केशरी, नरेन्द यादव, पंजाव केशरी, श्री देवेन्द्र बैसोया, व अन्य उपस्थित हुये।

## एशिया रिकॉर्ड बनाने पर चैलेंजर्स ग्रुप ने मनाया उत्सव

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** एशिया बुक में रिकॉर्ड दर्ज कराने के बाद चैलेंजर्स ग्रुप ने झुग्गियों के बच्चों के साथ मिलकर उत्सव मनाया। इस दौरान कई सामाजिक संगठनों के साथ-साथ अधिकारी भी मौजूद रहे।

संस्था ने पांच सितंबर को बच्चों के साथ मिलकर राधाकृष्ण सर्वपल्ली के जन्मदिन की खुशी में उनकी पेटिंग बनाकर एशिया बुक में अपना नाम दर्ज कराया था जिसके 21 दिन बाद संस्था को अवार्ड से भी नवाजा गया था। इसकी खुशी में संस्था ने सेक्टर-21 ए स्थित शिरोज



हेंगआउट में 60 बच्चों के साथ मिलकर उत्सव मनाया। संस्था के सदस्यों ने दिवाली पर दीप भी जलाए। वहीं बच्चों ने नृत्य प्रस्तुतियां भी दी। बच्चों के परिजनों ने संस्था के इन प्रयासों को सराहा। वहीं सामाजिक संस्थाओं से आए लोगों ने चैलेंजर्स ग्रुप की पीठ थपथपाई। संस्था के अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने इस दौरान कहा कि यह सिर्फ अभी शुरूआत है। इन होनहार बच्चों के प्रयासों से यह संस्था अभी आगे और भी लंबी लड़ाई लड़ने जा रही है। इन बच्चों ने संस्था को आज उस मुकाम पर पहुंचा दिया है। जहां कभी सोचा भी नहीं गया था। यह संस्था हमेशा इन बच्चों के लिए समर्पित रहेगी। वहीं बीते सप्ताह में आईआरएस अधिकारी साहिल सेठ, जेवर के विधायक धरेंद्र सिंह, अनूपशहर विधायक संजय शर्मा, मशहूर यूट्यूबर्स नजर बट्टू और देविका गुप्ता जैसे कलाकारों ने पाठशाला में अपनी शिरकत दर्ज करा बच्चों के साथ इस सफलता की खुशी बाँट बच्चों का हौसला बढ़ा आगे और अधिक जीत हाँसिल करने हेतु संस्था को प्रेरित किया। बच्चों की इस सफलता की खुशी में आयोजित चैलेंजर्स के उत्सव में अशोक श्रीवास्तव, रंजन तोमर, विक्रम सेठी, मनीष जी, निशु, शैलेंद्र, विवेक, रुचिका, रीतिका आदि मौजूद सदस्य मौजूद रहे।

दैनिक जय हिन्द जनाब

बुधवार, 19 अक्टूबर, 2022

# जहर का जाम

बिहार में शराबबंदी है। इसका फैसला करते हुए पांच साल पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बढ़-चढ़ कर दावा किया था कि इससे गरीबों की सेहत और समृद्धि में बेहतरी आएगी। हालांकि इससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ा, पर नीतीश सरकार के इस कदम की सबने मुक्त कंठ से प्रशंसा की थी। नजीर दी जाने लगी कि ऐसा कदम दूसरे राज्यों की सरकारों को भी उठाना चाहिए। सरकारों के लिए शराब के राजस्व का मोह न पाल कर नागरिकों की सेहत, उनके धन के अपव्यय और सामाजिक बुराइयों की चिंता करनी चाहिए। मगर जल्दी ही बिहार में शराबबंदी के प्रतिकूल प्रभाव उभरने शुरू हो गए। हालांकि वहां शराब रखने, दूसरे राज्यों से ले आने और पीने को लेकर बहुत कठोर कानून हैं। इन कानूनों के तहत बहुत सारे लोगों को सलाखों के पीछे भी भेजा गया। मगर हकीकत यह है कि शराबबंदी के बाद वहां नकली शराब का कारोबार तेजी से बढ़ गया। लोग चोरी-छिपे शराब बनाने, बेचने और पीने लगे। चूंकि इस तरह बनी शराब की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जाता, इसलिए वह अक्सर जानलेवा साबित होती है। बिहार में भी वही हो रहा है। दिवाली से एक दिन पहले से शुरू होकर अब तक वहां जहरीली शराब पीने से करीब तीस से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। आंकड़े गवाह हैं कि बिहार में शराबबंदी के बाद से अब तक हुई एक सौ अट्ठाईस मौतों में से तिरानबे केवल इसी साल में हुई हैं। यानी नीतीश सरकार ने शराबबंदी तो कर दी, पर जहरीली शराब की खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने के मामले में निरंतर शिथिल ही बनी हुई है। छिपी बात नहीं है कि जिन राज्यों या क्षेत्रों में भी शराबबंदी की गई, वहां शराब की खरीद-बिक्री पर कड़ाई से नजर न रखी जा पाने का नतीजा जहरीली शराब पीने से लोगों की मौतों के रूप में सामने आता है। बिहार में शराब की लत बड़े पैमाने पर लोगों को लग चुकी थी ऐसे में जब अचानक शराबबंदी का फैसला किया गया तो नशे के आदती लोगों को परेशानियां पैदा होने लगीं। फिर स्थानीय स्तर पर चोरी-छिपे शराब बनाने और बेचने वालों ने उसे एक अवसर के रूप में भुनाना शुरू कर दिया। ऐसा भी नहीं कि बिहार सरकार से यह तथ्य छिपा हुआ है। शराब पीकर नशे में धुत्त सरेआम घूमते लोगों को प्राय देखा जा सकता है। विपक्षी दल तो लंबे समय से आरोप लगाते आ रहे हैं कि नीतीश प्रशासन की मिली-भगत से वहां शराब का कारोबार खूब चल रहा है हमारे देश में लोगों को शराब पीने का उस तरह शऊर नहीं है, जैसे ठंडे देशों और प्रदेशों में है। यहां ज्यादातर लोग नशे के लिए शराब पीते हैं। इसका असर उनके स्वास्थ्य पर तो पड़ता ही है, शराब पीकर बहुत सारे उद्दंडी किस्म के लोग सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने का प्रयास भी करते देखे जाते हैं। हिंसा और दूसरी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं।एक कल्याणकारी सरकार का कर्तव्य है कि वह इन कुरीतियों पर रोक लगाए। मगर उसकी पाबंदी मकसद भी हासिल करे, इसके लिए ज्यादा ईमानदार परिश्रम की जरूरत पड़ती है। किसी भी चीज पर पाबंदी लगाने का फरमान जारी कर देना जितना आसान है, उस पर अमल कराना उतना ही कठिन है। अगर नीतीश सरकार सचमुच शराबबंदी को लेकर गंभीर है, तो उसे नकली और जहरीली शराब के बनाने-बेचने वाले तंत्र को ध्वस्त करने का पुख्ता इंतजाम करना चाहिए, नहीं तो लोग इसी तरह मौत के मुंह में समाते रहेंगे।

# शिक्षा का बाजार



**इस दौर में ऑनलाइन राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय गोष्ठियों-सम्मेलनों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। इसमें न केवल विषय विशेषज्ञों के विवेचन और विश्लेषणों में भी कमी आई है बल्कि एक सामान्य जन के रूप में विषयों पर विवेचन और विमर्श बढ़ रहे हैं। एक और चुनौती जो सामने आई है, वह यह है कि वेबीनार में बिना सभागिता किए केवल फीस जमा करके या केवल जानकारी संबंधी फॉर्म भर कर ही प्रमाणपत्र लेना आसान हो गया है।**


अब शोध का उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति के बजाय केवल डिग्री हासिल करना भर रह गया है। इसका बड़ा कारण यह भी है कि डिग्रियों के बिना शिक्षण संस्थानों में पदोन्नति असंभव हो गई है। जब शिक्षा अपने मूल उद्देश्य से भटक जाए तो उसके परिणाम कितने हानिकारक हो सकते हैं, वर्तमान दौर के संकटों मे ंशोध और विकास के बीच गहरा संबंध है। शोध कार्यों के नतीजों के आधार प र ही विकास कार्यों के लिए नीतियां बनाई जाती हैं। इसलिए अकादमिक संस्थानों में किए जाने वाले शोध देश के समग्र विकास की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होते हैं। विज्ञान नीति पर चर्चा करते हुए एक बार प्रोफेसर जयंत विष्णु नार्लीकर ने कहा था कि भारत सरकार और विभिन्न सरकारों ने विज्ञान एवं अन्य अनुसंधानों को दिशा देने के लिए अनेक शोध संस्थान स्थापित किए हैं, ताकि एक वैज्ञानिक अपने विचार एवं क्रियाओं की स्वतंत्रता के साथ एक स्वायत्तशासी परिवेश में सक्रिय हो सके। लेकिन इन संस्थानों के प्रशासनिकीकरण, युवा वैज्ञानिकों के लिए शोध संबंधी रोजगार का ह्रास, विश्वविद्यालयों में विज्ञान एवं समाज विज्ञान विषयों की उपेक्षा और इन क्षेत्रों में कार्यरत विशेषज्ञों की तुलनात्मक रूप से कम प्रतिष्ठा आदि ऐसे पक्ष हैं जो भारत की ज्ञान अर्थव्यवस्था के विकास के समक्ष गंभीर चुनौती पेश करते हैं। पिछले कुछ वर्षों से अकादमिक संस्थानों में किए जाने वाले शोध कार्यों की गुणवत्ता पर संदेह किया जाता रहा है। साथ ही वैश्विक पायदान में भी हमारा कोई विश्वविद्यालय उच्च स्थान प्राप्त नहीं कर सका है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या वास्तव में उच्च शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों में शोध की स्थिति इतनी खराब है कि उसमें नवाचार, नवीनता, वैधता जैसे तत्वों का अभाव है? अगर ऐसा है तो क्यों? यह सोचने का विषय है?

वर्ष 2020 में कोविड के दौर में वैज्ञानिक शोधों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देखा जाए तो लगभग एक लाख से ज्यादा शोध लेख विभिन्न वैज्ञानिक पत्र-पत्रिकाओं में छपे। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि इन वैज्ञानिक लेखों की जो बहुस्तरीय बौद्धिक समीक्षा होती थी, अब वह समाप्त-सी हो गई है जिसके कारण अकादमिक धोखाधड़ी और अनैतिक व्यवहार बढ़ गया है। इसलिए वैज्ञानिक शोध आलेखों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ गुणवत्ता में गिरावट भी आती गई। देखा जाए तो यह न केवल शैक्षणिक जगत के लिए अपितु समाज व राष्ट्र के विकास के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है।इसमें कोई दो राय नहीं है कि वैज्ञानिक शोध जो एक निश्चित परिणाम लेकर विकसित होने चाहिए, वे अब नहीं हो रहे हैं। ऐसा लगने लगा है कि वर्तमान में हो रहे शोध विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र में किए जाने वाले शोध बाजार को लाभ पहुंचाने वाली सूचनाएं ही उपलब्ध करवाने में जुटे हैं। जबकि वैज्ञानिक सूचनाएं पूर्वाग्रहों व व्यक्तिगत मूल्यों से रहित और विश्वसनीय होनी चाहिए, न कि बाजार केंद्रित। महामारी के दौर में कुछ दवाइयों के दुष्प्रभाव या किसी टीके से रोगी की मृत्यु होने या किसी अमुक दवा से कोविड से पूरी तरह स्वस्थ होने की खबरे आए दिन सुर्खियों में थी। फिर बाद में उनके खंडन या स्पष्टीकरण भी सामने आते रहे। ऐसी सूचनाएं तभी अस्तित्व में आ सकती हैं जब किसी शोध लेख को संबंधित विशेषज्ञों के समूह द्वारा समीक्षा किए बिना प्रकशित कर दिया जाए। इस तरह की सूचनाओं ने समाज में लोगों में भय और भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। परिणामस्वरूप ऐसी घटनाएं भी सामने आईं, जिसमें लोगों ने कोविड की चपेट में आने से पहले ही सिर्फ खौफ और गफलत के कारण अपनी जान तक दे दी। इस तरह की भ्रामक और मिथ्या सूचनाओं को सार्वजानिक करना क्या अकादमिक बेईमानी नहीं कहा जाना चाहिए? कोई भी शोध या सूचना, चाहे वह चिकित्सा के क्षेत्र से संबंधित हो या राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक या फिर अर्थव्यवस्था से जुड़ी हो, बिना किसी बौद्धिक समीक्षा के सार्वजानिक नहीं की जानी चाहिए। यह शोधकर्ता और सूचनादाता की नैतिक जिम्मेदारी होती है। ऐसा न होने पर समाज में फैलने वाली अव्यवस्था और भय के लिए कौन जिम्मेदार होगा? यह विचारणीय विषय है।

इस दौर में ऑनलाइन राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय गोष्ठियों-सम्मेलनों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। इसमें न केवल विषय विशेषज्ञों के विवेचन और विश्लेषणों में भी कमी आई है बल्कि एक सामान्य जन के रूप में विषयों पर विवेचन और विमर्श बढ़ रहे हैं। एक और चुनौती जो सामने आई है, वह यह है कि वेबीनार में बिना सभागिता किए केवल फीस जमा करके या केवल जानकारी संबंधी फॉर्म भर कर ही प्रमाणपत्र लेना आसान हो गया है। क्योंकि एपीआइ स्कोर इस बात पर निर्भर करता है कि आपके पास अकादमिक कार्यक्रमों में सहभागिता के कितने प्रमाणपत्र हैं, न कि इस बात पर कि आपने कितने शोध आलेख प्रस्तुत किए, उनकी गुणवत्ता और वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता क्या है। ऑनलाइन वेबिनार के दौर में हर कोई अधिकाधिक प्रमाण पत्र एकत्र करने में जुटा है। इसलिए क्या यह मान लिया जाना चाहिए कि महामारी का यह दौर शोध एवं सैद्धांतिक विवेचन के ह्रास का दौर है? और यदि यह वास्तव में ह्रास का दौर है तो महामारी के बाद के दौर में शोध की क्या स्थिति होगी, इसका अनुमान लगा पाना कठिन नहीं है।

## धर्म-कर्म

# सौभाग्य का प्रतीक है हरतालिका तीज



हरतालिका तीज की महिमा को अपरंपार माना गया है। हिन्दू धर्म में विशेषकर सुहागिन महिलाओं के लिए इस पर्व का महात्म्य बहुत ज्यादा है। हरतालिका तीज व्रत हिंदू धर्म में मनाये जाने वाला एक प्रमुख व्रत है। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया 9 सितम्बर को हरतालिका तीज मनाई जाती है। दरअसल भाद्रपद की शुक्ल तृतीया को हस्त नक्षत्र में भगवान शिव और माता पार्वती के पूजन का विशेष महत्व है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर ङ्क जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास ने बताया कि हरतालिका तीज पर 14 साल बाद रवियोग चित्रा नक्षत्र के कारण बन रहा है। हरतालिका तीज व्रत कुमारी और सौभाग्यवती स्त्रियां करती हैं। हरतालिका तीज व्रत निराहार और निर्जला किया जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए किया था। हरतालिका तीज व्रत करने से महिलाओं को सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हरियाली तीज और कजरी तीज की तरह ही हरतालिका तीज के दिन भी गौरी-शंकर की पूजा की जाती है। हरतालिका तीज का व्रत बेहद कठिन है। इस दिन महिलाएं 24 घंटे से भी अधिक समय तक निर्जला व्रत करती हैं। यही नहीं रात के समय महिलाएं जागरण करती हैं और अगले दिन सुबह विधिवत्त पूजा-पाठ करने के बाद ही व्रत खोलती हैं। मा-?यता है कि हरतालिका तीज का व्रत करने से सुहागिन महिला के पति की उम्र लंबी होती है जबकि कुंवारी लड़कियों को मनचाहा वर मिलता है। यह त?योहार मुख?य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस?थान और मध्य प्रदेश में मनाया जाता है। कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में इस व्रत को गौरी हब्बा के नाम से जाना जाता है। विश्वविख्यात भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्ले्षक अनीष व्यास ने बताया कि हरतालिका तीज पर 14 साल बाद रवियोग चित्रा नक्षत्र के कारण बन रहा है। यह शुभ योग 9 सितंबर को दोपहर 2:30 मिनट से अगले दिन 10 सितंबर को 12:57 मिनट तक रहेगा। हरतालिका तीज व्रत का पूजा का अति शुभ समय शाम 05:16 मिनट से शाम को 06:45 मिनट तक रहेगा। शुभ समय 06:45 मिनट से 08:12 मिनट तक रहेगा। हरतालिका तीज माता पार्वती का भगवान शिव को प्राप्त करने का पर्व है। करीब 14 वर्ष बाद इस बार रवि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है।

# बाल विवाह का दंश



तकनीकी विकास और जीवन के हर क्षेत्र में तरक्की के इस दौर में भी कई सामाजिक कुरीतियां समाज के लिए दंश बनी हुई हैं। इन कुरीतियों के चलते बालिकाएं न सिर्फ सहज सुरक्षित जीवन जीने के हक से महरूम हैं, बल्कि उनका जीवन ही छिन जा रहा है। दुनिया भर में मानव जीवन के लिए घुटन और हर तरह के दबाव का घेरा साबित होने वाली तमाम कुप्रथाएं खासतौर से लड़कियों के लिए आज भी बड़ी समस्या के रूप में विद्यमान हैं। कुप्रथाओं इस फेहरिस्त में बाल विवाह भी है। यह कुरीति बालिकाओं से भावी जीवन के स्वप्न ही छीन लेती है और पढ़ने, आगे बढ़ने तथा अपना स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने की उम्मीदों पर बचपन में ही पानी फिर जाता है। साथ ही यह कुप्रथा बेटियों के स्वास्थ्य के लिए भी अनगिनत जोखिम पैदा करती है।कुछ समय पहले आई 'सेव द चिल्ड्रन' की रिपोर्ट में बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर गंभीर चिंता जताई गई है। 'ग्लोबल गलर्हुड रिपोर्ट 2021-संकट में लड़कियों के अधिकार' नाम से आई इस वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह के कारण दुनियाभर में हर दिन साठ से अधिक लड़कियों की मौत होती है। दक्षिण एशिया में हर साल बाल विवाह के कारण एक दिन में छह लड़कियों और साल भर में दो हजार लड़कियों की मौत होती है।रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बाल विवाह के कारण कम उम्र में ही गर्भ धारण और बच्चे को जन्म देने की वजह से हर साल तकरीबन बाईस हजार से ज्यादा लड़कियों की मौत हो रही है। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि रिपोर्ट में 2030 तक एक करोड़ बालिकाओं की शादी होने की आशंका जताई गई है। इसका सीधा-सा अर्थ है कि इस कुप्रथा का खतरा कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है।खुशहाल और बेफिक्र बचपन हर बच्चे का हक है। इसके लिए जरूरी है कि दुनिया का हर समाज नई पीढ़ी को शिक्षा, सहजता और सम्मानजनक जिंदगी देने की जिम्मेदारी ले और बच्चों का बचपन सहेजने, बेहतरी भरे हालात को उनके हिस्से करने की जागरूकता और सजगता हर अभिभावक अपना दायित्व समझे। पर अफसोस की बात यह कि ऐसा होता नहीं है।

राजस्थान में अब बाल विवाह का भी हो सकेगा रजिस्ट्रेशन विवाह पंजीकरण का संशोधन बिल हुआ पारित, ङ्घक्क-कांग्रेस के विधायकों में जबरदस्त बहस

देखने में आता है कि बच्चों का जीवन सहेजने के मामले में हर पक्ष ही असफल है। हालांकि इसके कारण भी साझे हैं। एक ताने-बाने के समान आपस में गुंथे हुए हैं। ऐसी कुरीतियों के मामले में प्रशासनिक लचरता से लेकर सामाजिक भेदभाव और आर्थिक पिछड़ेपन जैसे कई पहलू मिल कर स्थितियां और बिगाड़ देते हैं।दुखद है कि भारत में बाल विवाह की जड़ें काफी गहरी हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट के मुताबिक बाल विवाह के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। इस सूची में बांग्लादेश पहले स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र की ही एक रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की हर तीसरी बालिका वधू भारत में है। यूनिसेफ की रिपोर्ट 'चाइल्ड मैरिज-प्रोग्रेस एंड प्रोस्पेक्ट' के मुताबिक भारत बाल विवाह के मामले में दुनिया के शीर्ष दस देशों में शामिल है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए जनमानस में वातावरण बनाने की अनगिनत सरकारी कवायदों के बावजूद हमारे यहां यह कुप्रथा कम होने का नाम नहीं ले रही है।

एक ओर महिला सशक्तिकरण, दूसरी ओर बाल विवाह का अभिशाप

बाल विवाह की कुप्रथा अशिक्षा और पुरातन सोच के अलावा सामाजिक-आर्थिक हालात की भी देन है। किसी के पास देने के लिए दहेज नहीं है, तो किसी की सामाजिक हैसियत इतनी कम है कि बेटी को उसे दबंगों की बुरी नजर से बचाने के लिए उसे कम उम्र में ब्याह देना ही उन्हें एकमात्र तरीका लगता है। कोई बेटे का ब्याह कम उम्र में इसलिए करना चाहता है क्योंकि कुछ साल बाद दुल्हन नहीं मिलेगी।

तभी तो जागरूकता की कमी एक कारण हो सकता है, पर इससे जुड़े कई दूसरे कारण भी हैं जिनके चलते कानून आते-जाते रहते हैं, लेकिन यह कुप्रथा जड़ें जमाए हुए है। हकीकत तो यह है कि आज बाल विवाह के साथ छोटे बच्चों की तस्करी और बेमेल शादियों जैसी घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि यह सिर्फ जन-जागरूकता का विषय नहीं है। आर्थिक, सामाजिक और सुरक्षा से जुड़े कई पहलू इस कुप्रथा को पोषित करते हैं। यही वजह है कि आज डिजिटल होती दुनिया के दौर में भी यह कुरीति कायम है।

## बात ज्ञान की

**उस ख़ुशक़िस्मत व्यक्ति को कहते हैं जिसने ईमान की हालत में अल्लाह के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद (सल्ल०) को देखा हो, उनसे मुलाकात की हो और ईमान ही की हालत में उसका इन्तिक़ाल हुआ हो। सहाबी का बहुवचन 'सहाबा% है। सहाबिया- उस ख़ुशक़िस्मत महिला को कहते हैं जिसने ईमान की हालत में अल्लाह के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद (सल्ल०) को देखा हो, और ईमान ही की हालत में उसका इन्तिकाल हुआ हो।**

## मजहब-ए-इस्लाम

# 1400 साल पहले हजरत मुहम्मद साहब ने दी थी हिदायत




एक बार खाना-ए-काबा और ऐतराफ़ में ये वाकया आया था कि तेज बारिश के कारण पानी भर गया था। सर्दी और बारिश ज्यादा थी तो ऐसे में अपने सहाबियों से ये ऐलान करवाया कि लोगों से कह दो कि वे अपनी जो फर्ज नमाज है वो अपनी कयामगाहो में अदा करें।-सहीह बुखारी शरीफ हदीस नं. 666 में इसका उल्लेख मिलता है।

यह तो हुई नार्मल दिनों की बात, जबकि बारिश और सर्दी अधिक थी। इसके बाद बात आती है जुमे की नामज की। इसी हादिस में आगे कहा गया कि आज जुमे की नमा में 'हैया अलस्सलाह' (आओ नमाज की तरफ) नहीं कहेंगे। कहेंगे 'अस्सलाह फ़िर्रिहाल' (नमाज अपने घरों में पढ़ लो)। अर्थात नमाज अपने कयामगाहो में अदा करो। हजरत मोहम्मद साहब सर्दी की रातों में भी मुअज़्ज़िन को हुक्म देते थे कि, लोगों से अपने घरों में नमाज अदा करने का एलान करो।-सहीह बुखारी शरीफ हदीस नं. 668. में इसका उल्लेख मिलता है।

जब अल्लाह के नबी ने सिर्फ सर्दी और बारिश के लिए ये बात कही है तो फिर महामारी तो बड़ी आफत है। यह भी कहा जाता है कि अल्लाह के नबी ने महामारी से बचने के लिए भी हिदायत दी थी। जब उन्होंने एक बार अपने एक साथी से कहा था कि स्वस्थ के साथ बीमार को मत बैठाओ। पैगंबर साहब के समय कुष्ठ रोग एक संक्रामक बीमारी थी। उस काल में इसका कोई इलाज नहीं था।

यह भी कहा जाता है कि अल्लाह के नबी ने एक हदिस में कहा, तुम्हें मालूम हो कि किसी शहर में बवा (महामारी) फैली हुई है तो तुम वहां न जाओ। और अगर तुम जिस शहर में रहते हो और उस शहर में महामारी हो तो भी तुम उस शहर को छोड़कर न जाओ। आपको यदि ऐसी बीमारी हो जाए जिससे दूसरे इंसानों को खतरा है तो तुम खुद को बाकी लोगों से अलग कर लो।

सही बुखारी शरीफ के पार्ट 1 में सफा नंबर 122 हदीस नंबर 666 एवं सफा नंबर 123 हदीस नंबर 667 के हवाले से भी नमाज की हितायत की बात कही जा रही है। हालांकि यहां समझने वाली बात यह है सभी मुसलमानों सहित मुल्क के सभी लोगों की जान हिफाजत में रहे।

## कहानी बच्चों की

# मेहनत का फल

बहुत पुरानी बात है । एक बरगद के पेड़ पर एक कौआ रहता था । कौआ कामचोर था । उसने पेड़ पर अपना घोंसला बनाया । जल्दबाजी और कामचोरी के कारण उसका घोंसला मजबूत नही बना । कुछ दिनों बाद उस पेड़ पर रहने के लिए एक बया आई । बया बहुत मेहनती थी । वह अपना घोंसला उस पेड़ पर बनाने लगी।

वह कही दूर से सरकंडे की पतली सींक लाती थी और अपनी तेज चोंच से उसे चीर कर सावधानी से घोंसले में बनुती थी । इस तरह करते देखकर कौए ने उसका मजाक बनाया और बोला , इस तरह घोंसला बनाओगी तो सारी उम्र बीत जाएगी ।कौए की बात सुनकर बया ने बोला की भैया मेरी माँ ने मुझे लगन और मेहनत के साथ काम करने की सीख दी हैं । यह सुनकर कौआ बया पर हँसने लगा । बया ने



कौए की बात को अनसुना कर दिया और अपना काम करती रही । अगले दिन जाकर उसका घोंसला पूरा हुआ । अब बया उसमें रहने लगी । दिन बीतने लगें।

एक दिन बड़े जोर की आँधी आई । छोटे ङ्क छोटे पेड़ टूटकर गिर गए । कौए का घोंसला भी उड़कर बिखर गया । कौए ने पेड़ के कोटर में छिपकर अपनी जान बचाई । जब आँधी रूकी तो कौआ बया के घोंसले के पास गया । उसका घोंसला सही सलामत अपने स्थान पर मौजूद था । कौए को अब अपनी गलती का एहसास हुआ उसने बया से कहा , बया मैने मेहनत से जी चुराया और तुम्हारा मजाक उड़ाया , उसके लिए मुझे माफ कर देना । मै तुम्हारी सीख जीवनभर याद रखूगा ।

# पंजाब राज्यपाल को तुरंत बर्खास्त करें राष्ट्रपति : आप

जय हिन्द संवाद



**चंडीगढ़।** पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी वीसी विवाद पर आम आदमी पार्टी(आप) ने राज्यपाल के फैसले की तीखी आलोचना की है। 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि राज्यपाल का आदेश पूरी तरह असंवैधानिक और गैरकानूनी है।

मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कंग ने कहा कि पंजाब एंड हरियाणा एग्रीकल्चर एक्ट 1970 के सेक्शन 15ए के अनुसार पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल के पास नहीं बल्कि विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के पास है। बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट को वीसी की नियुक्ति के लिए चांसलर(राज्यपाल) से इजाजत की कोई जरूरत नहीं है। राज्यपाल पीएयू के वीसी को न तो नियुक्त कर सकते हैं और न ही हटा सकते हैं।

कंग ने कहा कि राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं, इसीलिए सरकार के रोजाना के कामकाज में जानबूझकर दखलअंदाजी कर रहे हैं। राज्यपाल 'आप' सरकार को बदनाम करने के उद्देश्य से ऐसा कर रहे हैं।

कंग ने राज्यपाल से कहा कि अगर उन्हें राजनीति करनी है तो भाजपा में शामिल हो जाए और चुनाव लड़ ले। राज्यपाल पद की गरिमा को नुकसान न पहुंचाएं। कंग ने भारत के राष्ट्रपति से अपील की और कहा कि पंजाब के राज्यपाल भाजपा के राजनीतिक एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं, इसलिए उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाए।

कंग ने कांग्रेस से भी सवाल किया और पूछा कि क्या कांग्रेस राज्यपाल के इस फैसले का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस के नेता इस बार भी भाजपा की बी-टीम की तरह भाजपा नेताओं की भाषा बोलेंगे? अगर नहीं तो पंजाब कांग्रेस इस मामले पर अपना स्पष्टीकरण दे।

# 6 नवंबर को आदमपुर में वोटों की गिनती के साथ ही भाजपा सरकार की उलटी गिनती शुरु हो जायेगी

जय हिन्द संवाद

**हिसार।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने आज आदमपुर विधान सभा उप-चुनाव प्रचार करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश के समर्थन में गाँव कालीरावण, खासा महाजन, फ्रांसी और दुर्जनपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया और काँग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में वोट अपील की। इस दौरान उनकी जनसभाओं में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ी। अपनी जनसभाओं में भारी जनसमूह को देखकर गदगद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में महंगाई, बेरोजगारी, नशा, भ्रष्टाचार, चरम पर है और कानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। आज हरियाणा में कोई सुरक्षित नहीं, प्रदेश में आतंक और भय का वातावरण है। हर वर्ग इस सरकार से मुक्ति चाहता है। हरियाणा की जनता आदमपुर की तरफ टकटकी लगाए देख रही है और 6 नवंबर को वोटों गिनती के साथ ही इस सरकार की भी उलटी गिनती शुरु हो जायेगी। आदमपुर के लोगों ने इस नकारा सरकार को सबक सिखाने की ठान ली है।

उन्होंने कहा कि केवल आदमपुर ही नहीं हरियाणा में भी लोग बदलाव चाहते हैं। सारी बेईमान ताकतें इसी कोशिश में हैं कि भाजपा को कैसे फायदा पहुंचाया जाए। भाजपा, इनेलो और आम आदमी पार्टी के पास अपने उम्मीदवार तक नहीं, ये तीनों पार्टियां उधार के उम्मीदवारों से चुनाव लड़ रही हैं। आदमपुर की जनता इस बार सिर्फ बीजेपी सरकार का नहीं बल्कि बीजेपी के साथ सेटिंग करके वोटकाटू उम्मीदवार उतारने वाली उसकी क्क और ष्ट टीम का भी इलाज करेगी

दीपेन्द्र हुड्डा ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज प्रदेश का क्या हाल है ये बताने की जरुरत नहीं। BJP सरकार ने हर वर्ग के साथ दगा किया है। भाजपा कहती थी किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे। आमदनी तो दोगुनी हुई नहीं किसान का दुःख दोगुना कर दिया। ये सरकार कहती थी विदेशों से काला धन लायेंगे और हर व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख देंगे। काला धन तो लाये नहीं काले धन वालों को बीजेपी में लेकर आ गये। भाजपा कहती कुछ है, करती कुछ और है। SC, OBC, गरीबों से 100-100 गज के प्लॉट छीन लिए, बच्चों से उनके स्कूल और वजीफा, बुजुर्गों से पेंशन और किसान से MSP व मुआवजा छीन लिया।

हुड्डा सरकार ने हरियाणा को विकास में, प्रति व्यक्ति आय,निवेश, रोजगार सृजन, किसान,गरीब, दलित-पिछड़े,खिलाड़ी व बुजुर्गों के मान-सम्मान में, अमन-चैन में पूरे देश में नंबर 1 बनाया लेकिन पिछले साढ़े 8 साल में खट्टर सरकार ने प्रदेश को महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध, नशे और विनाश में ह्रश्व.1 बना दिया है। भाजपा सरकार ने हरियाणा का विकास, अर्थव्यवस्था और नौजवान का भविष्य भी चौपट कर दिया। आदमपुर उपचुनाव में हुड्डा सरकार के विकास बनाम बीजेपी सरकार के विनाश के बीच लड़ाई है। इस न्याय युद्ध में विकास की जीत तय है। इसलिए बदलाव और आदमपुर से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी की जीत भी तय है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री संपत सिंह, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, विधायक सुभाष देशवाल, पूर्व विधायक कुलबीर बेनीवाल, पूर्व विधायक राम किशन फौजी, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, पूर्व मंत्री राजकुमार बाल्मीकि, पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जडोला, प्रदीप बेनीवाल, हनुमान वर्मा, गौरव संपत सिंह, भूपेन्द्र कासनिया, जस्सी पेटवाड़, बाबा भोलेनाथ, अमर सिंह, अभिमन्यु पुनिया, अनिल चोपड़ा, बाबूलाल सहित कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## राज्यपाल भाजपा के राजनीतिक एजेंट के तौर पर काम कर रहें, उन्हें तुरंत बर्खास्त करें

**चंडीगढ़।** पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी वीसी विवाद पर आम आदमी पार्टी(आप) ने राज्यपाल के फैसले की तीखी आलोचना की है। 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि राज्यपाल का आदेश पूरी तरह असंवैधानिक और गैरकानूनी है।

मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कंग ने कहा कि पंजाब एंड हरियाणा एग्रीकल्चर एक्ट 1970 के सेक्शन 15ए के अनुसार पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल के पास नहीं बल्कि विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के पास है। बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट को वीसी की नियुक्ति के लिए चांसलर(राज्यपाल) से इजाजत की कोई जरूरत नहीं है। राज्यपाल पीएयू के वीसी को न तो नियुक्त कर सकते हैं और न ही हटा सकते हैं। कंग ने कहा कि राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं, इसीलिए सरकार के रोजाना के कामकाज में जानबूझकर दखलअंदाजी कर रहे हैं। राज्यपाल 'आप' सरकार को बदनाम करने के उद्देश्य से ऐसा कर रहे हैं। कंग ने राज्यपाल से कहा कि अगर उन्हें राजनीति करनी है।

# भ्रष्टाचार करने में सह-दोषी एजेंट बेदी विजीलैंस ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर ( एम. वी. आई.) जालंधर दफ्तर द्वारा प्राईवेट एजेंटों के साथ मिलीभुगत करके संगठित भ्रष्टाचार करने के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में फ़रार चले आ रहे प्राईवेट एजेंट परमजीत सिंह बेदी निवासी न्यू डिफेंस कालोनी, अब जोगिन्द्र नगर, रामा मंडी जालंधर को आज गिरफ्तार कर लिया जबकि इस केस में फ़रार बाकी दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए यत्न जारी हैं। आज यहाँ यह जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि बीते दिन विजीलैंस ब्यूरो जालंधर की तरफ से अचानक चैकिंग के दौरान एम. वी. आई. दफ्तर जालंधर में वहाँ के एम. वी. आई. नरेश कलेर की तरफ से प्राईवेट एजेंटों के साथ मिलीभुगत करके बड़े स्तर पर किये जा रहे संगठित भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करते हुए 23. 08. 2022 को भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस केस में नरेश कुमार कलेर, रामपाल उर्फ राधे और मोहन लाल उर्फ कालू ( दोनों प्राईवेट एजेंट) को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि अभी सात नामज़द दोषी भगौड़े चले आ रहे हैं।



**नोएडा।** सेक्टर-27 में कैलाश अस्पताल के बाद ए-135 के सामने ट्रैफिक पुलिस का ये पोल एक महीने से टूटा पड़ा है। इससे चंद कदमों की दूरी पर ही ट्रैफिक पुलिस और पुलिस के अधिकारी रहते है लेकिन किसी पर भी इसका ध्यान नहीं गया। **( छाया : जय हिन्द जनाब )**

# कुशल खिलाड़ी कोटे में आरक्षी भर्ती 2022 हेतु आवेदन पत्र जमा करने की विशेष व्यवस्था

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुशल खिलाड़ी कोटे में आरसी भर्ती 2022 के अभ्यर्थियों की दिकतों के दृष्टिगत आवेदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने हेतु एक विशेष प्राविधान किया गया है। अभी तक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के साथ ही आवेदन प्रपत्र व चालान की मूलप्रति व्यक्तिगत रूप से जमा करने हेतु केवल भर्ती बोर्ड कार्यालय लखनऊ में ही व्यवस्था की गई थी, किंतु पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थियों को लखनऊ तक आने जाने की असुविधा के दृष्टिगत उन्हें सहूलियत उपलब्ध कराने हेतु यह अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था में रिजर्व पुलिस लाइन गाजियाबाद में एक विशेष पटल की व्यवस्था कर यहाँ आवेदन पत्र व चालान की मूल प्रति जमा की जा

> ■ **उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के 534 पदों पर 22 खेलों के कुशल खिलाड़ियों के कोटे में चयन की प्रक्रिया प्रचलित है**

रही है। इसके लिए शनिवार, रविवार य राजकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर शेष समस्त कार्य दिवसों में दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक पूर्वाहन 10ः00 बजे से सायं 05ः00 बजे तक पुलिस लाइन गाजियाबाद के सम्मेलन कक्ष में खुले पटल पर उनके प्रार्थना पत्र प्रतिदिन परीक्षण कर जमा किए जाएंगे और उन्हें लखनऊ तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इस कार्य हेतु श्री आर0 के0 चतुर्वेदी पुलिस महानिरीक्षक (से0नि0) के पर्यवेक्षण में भर्ती बोर्ड एवं स्थानीय पुलिस के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है जो दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक इस कार्य को संपन्न कराएगी।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश शासन की नीतियों एवं निर्देशों के अधीन उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के 534 पदों पर 22 खेलों के कुशल खिलाड़ियों के कोटे में चयन की प्रक्रिया प्रचलित है जिसमें 355 पुरुष व 199 महिला कुशल खिलाड़ियों का चयन प्रस्तावित है जिसके लिए आवेदन पत्र दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक जमा किए जाने हैं। इस चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थीगण द्वारा अब तक किए गए प्रदर्शनों के प्रमाणपत्रों एवं चयन परीक्षण के समय प्रदर्शित किए उनके कौशल एवं निपुणता के आधार पर उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन किया जाना प्रस्तावित है।

# एमएसपी बढ़ा कर मोदी सरकार ने किसानों को दिया दीपावली का तोहफा

जय हिन्द संवाद

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसानों की फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने पर प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों की बेहतरी तथा उनकी आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अश्वनी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी द्वारा किसानों के जीवन को ऊँचा उठाने के लिए बहुत बड़ा फैसला लेते हुए केंद्र सरकार ने दिपावाली से पहले किसानों को खुश करते उन्हें एमएसपी मड़ा कर बहुत अच्छा तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न रबी(सर्दी) फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी गई है।

अश्वनी शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मसूर की फसल पर सबसे ज्यादा 500 रूपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य का इजाफा किया गया है। इसके अलावा सरसों पर 400 रूपए प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की गई है। वहीं इसी प्रकार रबी की मुख्य फसल गेहूं में 110, जौ में 100, चने में 105 और सॉफ्ट फ्लावर की फसल पर 209 रूपए की बढ़ौतरी की गई है।

अश्वनी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी के तथा केंद्र सरकार लगातार किसानों की आय में वृद्धि तथा उन्हें आधुनिक खेती से जोड़ने को लेकर निरंतर प्रयासरत है और आज किसानों की आय पहले से ज्यादा सुधरी भी है।

# कर्तव्यपथ पर वीरगति को प्राप्त हुए 07 पुलिस कर्मियों की शौर्य गाथा

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, वीरेन्द्र नाथ मिश्रा-852410170, जनपद फतेहपुर थाना सुल्तानपुर घोष में नियुक्त उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा को जी0डी0 नं0 19 समय 10:19 बजे वाहन चेकिंग डियूटी हेतु रवाना हुये। थाना गेट से करीब 20 मीटर की दूरी पर वाहन चेकिंग कर रहे थे, इसी दौरान समय 10:30 बजे वाहन सं0 यूपी-71 एएस-8582 हीरो स्पलेण्डर प्लस के चालक नरेन्द्र पासी व पीछे बैठे उसके पिता प्रकाश पासी निवासी दुर्गा का पुरवा, थाना सुलतानपुर घोष जनपद फतेहपुर द्वारा वाहन चेकिंग में मामूर उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा पर वाहन रोकते समय जान से मारने की नीयत से मोटर साइकिल उनके ऊपर च ?ाकर उन्हे गम्भीर रूप से घायल कर दिया, उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा को तत्काल निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हथगाँव ले जाया गया जहाँ चिकित्सक द्वारा उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा को मृत घोषित कर दिया गया। इस प्रकार उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा द्वारा कर्तव्यां का निर्वहन करते हुये अपने प्राणों की आहुति दी गयी।

उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, कादिर खां-822540887 जनपद गौतमबुद्धनगर

17 जुलाई को थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर पर नियुक्त उपनिरीक्षक ना0पु0 कादिर खां जी0डी0 संख्या-11 समय 09.48 ् 2 ्

बजे मु0अ0सं0-745/2021 धारा 302/201 भादवि में वास्ते पतारसी व सुरागरसी हेतु जनपद मेरठ रवाना हुये थे। मेरठ जाते समय दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे पर स ?क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गये, तत्काल उन्हें एम्बुलेन्स-108 से सुभारती अस्पताल मेरठ ले जाया गया, जहाँ डाक्टरों द्वारा उपनिरीक्षक कादिर खां को मृत घोषित कर दिया गया।

इस प्रकार उपनिरीक्षक कादिर खां द्वारा कर्तव्यां का निर्वहन करते हुये अपने प्राणों की आहुति दी गयी।

मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस, मुनील कुमार चौबे-982765326, जनपद प्रयागराज

दिनांक 17 जनवरी को थाना सरायइनायत, प्रयागराज में नियुक्त मुख्य आरक्षी मुनील कुमार चौबे की डियूटी यातायात/शान्ति व्यवस्था हेतु सहसों चौराहे पर लगी थी। डियूटी के दौरान मुख्य आरक्षी मुनील कुमार चौबे को वाहन संख्या-70 जीटी-3642(पिकप) द्वारा टक्कर मार दी गयी। उक्त मुख्य आरक्षी को तत्काल स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज ले जाया गया जहाँ डाक्टरों द्वारा इलाज के दौरान उन्हे मृत घोषित कर दिया गया।

इस प्रकार मुख्य आरक्षी मुनील कुमार चौबे द्वारा कर्तव्यां का निर्वहन करते हुये अपने प्राणों की आहुति दी गयी।

आरक्षी नागरिक पुलिस, सर्वेश कुमार-112706786, जनपद गौतमबुद्धनगर


दिनांक 10.03.2022 को जीडी सं0-26 समय 17:10 बजे यातायात निरीक्षक राम सिंह द्वारा जरिये दूरभाष सूचना दी गयी कि आरक्षी सर्वेश कुमार जिनकी ंडयूटी यातायात व्यवस्था हेतु कन्टेनर डिपो पर लगी थी। डियूटी पर जाते समय आरक्षी की मोटरसाइकल यूपी-80 डीएम 8696 को ट्रक कन्टेनर सं0-एचआर 38 एक्स 6877 द्वारा टक्क मार दी गयी। उक्त आरक्षी की जीवन रक्षा को देखते हुये स्थानीय नागरिक पुलिस व यातायात ् 3 ्

पुलिस की सहायता से नजदीकी कैलाश हास्पिटल ग्रेटर नोयडा लाया गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के बाद आरक्षी सर्वेश कुमार को मृत घोषित कर दिया गया।

इस प्रकार आरक्षी सर्वेश कुमार द्वारा कर्तव्यां का निर्वहन करते हुये अपने प्राणों की आहुति दी गयी।

आरक्षी नागरिक पुलिस, सुमित कुमार-152012412, जनपद मुजफ्फरनगर

दिनॉक28.12.2021 को मु0अ0सं0-559/21 धारा-376/342/ 323/504/506 भादवि संबंधित थाना खतौली एवं मु0अ0सं0-472/21 धारा- 147/148/ 149/307 भादवि संबंधित थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर में वांछित अभियुक्तगण देवा मलिक व रजनीश तोमर की तलाश में संबंधित स्थान करनाल, हरियाणा में उपनिरीक्षक अनिल कुमार मय हमराही कर्मचारीगण मुख्य आरक्षी 19 सोनवीर, आरक्षी 1404 राहुल कुमार, आरक्षी 1959 सुनील कुमार, आरक्षी 715 दीपक कुमार, आरक्षी 137 देवेन्द्र व आरक्षी 347/152012412 सुमित कुमार दबिश हेतु गये थे। उक्त अभियुक्तगणों को पुलिस की भनक लगते ही अभियुक्तगण कार से ग्राम जडौली से ग्राम मोदीपुर करनाल की तरफ भागे, उनकी कार का पुलिस द्वारा पीछा किया गया।




# सर सैयद को भारत रत्न देने की मांग

जय हिन्द संवाद




**इलाहाबाद।** सर सैयद दिवस के अवसर पर शहर में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। अलीगढ़ विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा जे,एल,एन एजुकेशनल ग्रुप राजस्थान के संस्थापक निदेशक एवं एआईसीसी माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय संयोजक, उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉक्टर आजम बैग इलाहाबाद पहुंचे।

उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद में आयोजित सर सैयद दिवस समारोह को संबोधित किया। उन्होंने इलाहाबाद की ऐतिहासिक महत्ता बताते हुए इलाहाबाद को नेहरू ,गांधी की धरती कहते हुए अकबर इलाहाबादी से भी जोड़ा और कहा कि देर हो सकती है। लेकिन सत्यता अपने आपको मनवाकर रहती हैं जिस अकबर इलाहाबादी ने सर सैयद को पूरे जीवन बुरा भला कहा आखिरी समय में सिर्फ सर सैयद की तारीफ ही नहीं की बल्कि यह भी कहा हमारी बातें ही बातें हैं सय्यद काम करते थे। डॉक्टर आजम बेग ने अलीग बिरादरी से हर वर्ष 17, अक्टूबर के डिनर से आगे बढ़कर केरियर कोचिंग क्लासेस, स्किल डेवलपमेंट,उच्च एवं आधुनिक शिक्षा के सेंटर स्थापित करने ,समाज के जरूरतमंद बच्चों को हायर एजुकेशन में आर्थिक सहयोग करने के लिए भी आगे आने की अपील की। उन्होंने इस अवसर पर कररदाद के रूप में तीन मुख्य बिंदु प्रस्तुत किए जिन्हें उपस्थित सभी अलीग द्वारा हाथ उठाकर ध्वन्मति से पारित किया गया। उन्होंने सर सैयद को मरणोपरांत भारत रत्न की उपाधि दिए जाने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के केंद्र सरकार द्वारा कम किए गए बजट को वापस पूर्वी की तरह बढ़ाए जाने और 03,पूर्व में किए गए घोषणा के अनुसार विश्वविद्यालय के दो सेंटर और खोले जाने हैं।


> ■ **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के पास भेजने का आग्रह किया और उन्होंने मुल्क और बेरून ममालिक में मौजूद सभी अलीग से अपील की है कि वह इस तरह का मेमोरेंडम बनाकर केंद्र सरकार को भेजने का कष्ट करें**

इस अवसर पर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भी सम्मान हुआ जिनमें अध्यक्ष सोहेल अहमद सचिव अबरार अहमद चीकू, और कोषाध्यक्ष श्री डॉक्टर इंतखाब आलम के अलावा दो उपाध्यक्ष दो ज्वाइंट सेक्रेट्री और सदस्य भी शामिल रहे। उनपर कार्यवाही आगे बढ़ाने जेसे तीनों बिंदुओं को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के पास भेजने का आग्रह किया और उन्होंने मुल्क और बेरून ममालिक में मौजूद सभी अलीग से अपील की है कि वह इस तरह का मेमोरेंडम बनाकर केंद्र सरकार को भेजने का कष्ट करें

कार्यक्रम में इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इलाहाबाद जीएसटी कमिश्नर अब्दुर रऊफ जी नायक,इलाहाबाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी सीनियर आई,आर,ए एस श्री हमीम साहब ने भी संबोधित किया अध्यक्षता इलाहाबाद एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री जुहा ने की और निजामत के फराईज सचिव बख्तियार यूसुफ ने अंजाम दिए समारोह में बड़ी संख्या में आलीग बिरादरी के सम्मानित सदस्य शामिल हुए अतिथियों को माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# पहला भारतीय जो हावर्ड स्टूडेंट यूनियन का प्रेसिडेंट बना

बच्चों को ट्रेनिंग देकर कर टॉप यूनिवर्सिटीज में स्कॉलरशिप पर दाखिला दिलवाने का काम कर रही है 'डेक्सटेरिटी ग्लोबल ग्रुफ'। इसके फाउंडर और सीईओ हैं शरद विवेक सागर। 2020-21 में शरद को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन का प्रेसिडेंट चुना गया था। 50 से ज्यादा देशों के 1200 से अधिक स्टूडेंट्स ने शरद को वोट दिया। हार्वर्ड के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब किसी भारतीय को प्रेसिडेंट चुना गया। शरद कहते हैं, बिहार से होने की वजह से कभी ताना तो नहीं सुनना पड़ा, लेकिन कई लोग कहते थे- अरे! एक बिहारी की इतनी अच्छी इंग्लिश कैसे हो सकती है? मैं उनसे कहता था- नहीं, बिहार के लोग भी अच्छी अंग्रेजी बोल सकते हैं। शरद के नाम दर्जनों रिकॉर्ड दर्ज हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से मिलने से लेकर फोर्ब्स 30 अंडर 30 और कौन बनेगा करोड़पति में बतौर एक्सपर्ट शामिल होने तक। ये उपलब्धियां शरद ने 30 साल से कम उम्र में हासिल की हैं। हालांकि, इस सफर में शरद पर गमों का पहाड़ भी टूटा। वे बताते हैं, 16 साल की उम्र में मां को खो दिया। जब 24 साल का हुआ, तो भाई की भी मौत हो गई। वो MIT



बोस्टन जाने वाले बिहार के पहले स्टूडेंट थे। उन्हें दूसरा रामानुजन भी कहा जाता है।

शरद को भी लोग 21वीं सदी के 'विवेकानंद' के तौर पर जानते हैं। पूछने पर मुस्कुराते हुए कहते हैं, मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगता है। उन 100 लोगों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा हूं, जिसे लेकर स्वामी विवेकानंद कहते थे कि मुझे ऐसे 100 लोग दे दो, मैं दुनिया का कायाकल्प कर दूंगा।

शरद अपनी कहानी में लौटते हैं। बताते हैं, देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के गांव जीरादेई में पैदा हुआ। यह सीवान जिला में आता है। पापा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ग्रामीण शाखा में थे। गांव में उस वक्त कोई अच्छा स्कूल नहीं था, तो 12 साल की उम्र तक किसी स्कूल में एडमिशन नहीं हुआ।

जब हाईस्कूल में था तो सोशल सब्जेक्ट्स, क्विज, डिबेट्स में काफी दिलचस्पी होने लगी। न्यूजपेपर में पढ़ता था कि कोई बच्चा विदेश पढ़ने जा रहा है, किसी ने इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन जीता है, तो मैं सोचता था कि ये बच्चे विदेश पढ़ने कैसे गए होंगे? क्या प्रोसेस होता है? लगता था कि मैं भी इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन के लिए जाऊं। इन सारी चीजों को मैं डायरी में लिख लेता था।

2008 का साल बीत रहा था। विदेश में पढ़ने के लिए जाने की तैयारी करने लगा। कॉम्पिटिशन्स में पार्टिसिपेट करने लगा। ज्यादातर बच्चे बड़े घरों के ही होते थे। सामान्य बच्चों को टॉप यूनिवर्सिटी, कॉलेज का नाम तक पता नहीं होता था, तैयारी करना तो दूर की बात है। वो कहते हैं, सामान्य बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिले। इस पर काम करने लगा, लेकिन अगले साल यानी 2009 में मां का निधन हो गया। वो मुझे कहा करती थीं- देश के लिए, समाज के लिए काम करूं। यही सोचकर मैं अपने नए सफर पर निकल पड़ा। घर पर खाना बनाने के लिए मेड आने लगी।

2012-13 में 12वीं के बाद अमेरिका के टफ्ट्स यूनिवर्सिटी से 4 करोड़ की स्कॉलरशिप मिली। वहां ग्रेजुएशन करने चला गया। 2016 में 160 साल के इतिहास में पहला इंडियन ग्रेजुएट स्पीकर बना। कह सकता हूं कि मेरी और मेरे NGO की ग्रोथ एक साथ हुई।

मुझे आज भी याद है कि जब पापा को यूनिवर्सिटी में बुलाया गया था, तो जवाब में उन्होंने कहा- मैं बिहार से ही अपने बेटे को बोलते हुए सुन लूंगा। ये भी दिलचस्प है कि मैंने 200 से ज्यादा कॉम्पिटिशन जीते हैं। 6 देशों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, लेकिन आज तक ऐसा नहीं हुआ कि मैं स्टेज पर हूं और पापा सामने बैठे हों।

मैं इस मामले में सौभाग्यशाली था कि घर वालों ने कभी ये नहीं कहा कि तुम डॉक्टर बनो, इंजीनियर बनो। बस इतना कहते थे कि शिक्षा से अपने समाज के लिए जो कर सकते हो, करो। विचार बड़ा होता है, तभी काम बड़ा हो सकता है। अपने काम से बड़ा कोई नहीं है। सचिन तेंदुलकर मास्टर ऑफ क्रिकेट हैं, लेकिन वो हमेशा सर्वेंट ऑफ क्रिकेट रहे हैं।

2016 का साल था। मेरा ग्रेजुएशन कम्प्लीट हो चुका था। उधर उस वक्त के अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का दूसरा कार्यकाल खत्म हो रहा था। उन्होंने दुनियाभर के 200 यंग लीडर्स को बुलाया था, जिसमें मैं भी एक मात्र भारतीय था। हमारी 90 मिनट की बातचीत हुई थी।

2016 में भी शरद को हार्वर्ड में एडमिशन के लिए ऑफर आया था, लेकिन ग्रेजुएशन कम्प्लीट करने के बाद वो भारत लौट आए। 2016 में भी शरद को हार्वर्ड में एडमिशन के लिए ऑफर आया था, लेकिन ग्रेजुएशन कम्प्लीट करने के बाद वो भारत लौट आए। फिर 2020 में जब पूरी दुनिया कोरोना की वजह से ऑनलाइन मोड में आ गई थी, तब मैंने हार्वर्ड में एडमिशन ले लिया। 2021 में पढ़ाई पूरी करने के बाद फिर से अपने देश लौट आया हूं। अब तक मेरे संस्थान के जरिए स्टूडेंट्स को दुनियाभर की अलग-अलग टॉप यूनिवर्सिटीज से 114 करोड़ की स्कॉलरशिप मिल चुकी है। गरीब परिवार के बच्चे भी विदेशों में जाकर पढ़ रहे हैं। हर साल 70 लाख बच्चे हमारे साथ जुड़ते हैं। हम उन्हें टॉप यूनिवर्सिटीज में एडमिशन के लिए ट्रेंड करते हैं। देशभर के स्टूडेंट्स के लिए एजुकेशन लेवल पर जितनी भी अपॉर्चुनिटी हैं- स्कॉलरशिप, नेशनल-इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप... हर महीने के पहले रविवार को हम स्कूलों और बच्चों तक पहुंचाते हैं। बच्चों को स्टडी मटेरियल भी देते हैं।

शरद डेक्सटेरिटी से जुड़ने वाले बच्चों को अलग-अलग कॉम्पिटिशन के लिए प्रैक्टिस करवाते हैं। शरद डेक्सटेरिटी से जुड़ने वाले बच्चों को अलग-अलग कॉम्पिटिशन के लिए प्रैक्टिस करवाते हैं। वो बताते हैं, इसे ऐसे समझिए कि जब एक गांव का बच्चा पहली बार इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन में बैठता है, तो उसे पता नहीं होता है कि निबंध कैसे लिखना है। हम इस तरह के सभी प्रैक्टिस करवाते हैं। हर टॉपिक को 10 से 12 सवालों के साथ सॉल्व करवाते हैं। क्विज करवाते हैं। मैंने भी खुद को ऐसे ही तैयार किया है।

# प्रोफेशनल लाइफ में खुश हैं, तो जीवन में हर जगह खुशी ही महसूस होगी: रोनाल्डो

मैं 'मैन ऑफ ड्रीम्स' हूं। आमतौर पर खुली आंखों से सपने देखता हूं। हमेशा सोचता हूं कि जिंदगी में सब संभव है। यह केवल आपके लक्ष्य पर निर्भर है। मेरी जिंदगी में जो हुआ, वो असल है। जाहिर है, यह एक सपना था जो सच हुआ है और मैं इसके लिए बेहद खुश हूं। मेरे कई लक्ष्य अभी भी हैं, जो हासिल करने हैं। फिलहाल मेरी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा टाइटल्स जीतूं और करियर में सफल बना रहूं। मेरे लिए जीवन का मतलब बेहद सरल है. जहां तक संभव है जिंदगी को शिद्दत से जिओ। जिस प्रोफेशन में जाओ, अपने निशान छोड़ो। मुकाम पाने की कोशिश करते रहो। प्रोफेशनल स्तर पर आप खुश रहेंगे तो जीवन में हर जगह खुशी महसूस करेंगे। ऐसा करते चलो, जो दूसरों के लिए, खासकर युवाओं के लिए, एक उदाहरण हो।

मुझे अफसोस होता है कि मेरे पिता



मुझे ऊंचाइयों पर पहुंचता नहीं देख पाए। वो मुझे फुटबॉल की दुनिया के टॉप पर देखना चाहते थे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मैं केवल 20 साल का था जब वो नहीं रहे। हमारे संबंध मधुर नहीं थे, लेकिन मुझे दुःख है कि उन्होंने मुझे इतिहास बनाते नहीं देखा। मैं पिता को 100 फीसद नहीं जानता था, लेकिन अब उनकी कुछ तस्वीरों को अपने परिवार को बेहद प्यार से दिखाता हूं। मां बेहद भावुक हैं। मैं उन्हें कभी अपना मैच नहीं देखने देता। मेरे दो बड़े मैचों में वो स्टेडियम में बेहोश हो गई थीं। मैं नहीं जानता कि वो इतनी नर्वस क्यों हो जाती हैं। अब उन्हें किसी भी बड़े मैच को देखने की इजाज़त नहीं है। पिता नहीं हैं, अब मां को खोना नहीं चाहता।

## सर्वश्रेष्ठ होने का सपना देखेंगे तभी तो 'बेस्ट' बन पाएंगे

दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनने का सपना देखना गलत नहीं है, यह आखिर 'बेस्ट' होने की कोशिश ही तो है।

मैं अपना सपना जी रहा हूं और मैं कभी जागना नहीं चाहूंगा।

लोग आपसे नफरत करेंगे क्योंकि आप 'बेस्ट' हैं।

आप कभी भी किसी को कुछ साबित नहीं कर सकते, इसलिए कोशिश करना बेकार है।

**अपना रोल कभी न भूलें**

आप क्या हैं, यह न भूलें। मैं खिलाड़ी हूं तो वही रहूंगा, मुझे कोच जैसा बर्ताव शोभा नहीं देगा। मेरे लिए अहम है सोच। अगर प्रोफेशनल हैं तो यह टीम की मदद करेगा। कोच का काम अलग है, खिलाड़ी का अलग। आपको अपना गौरव बनाए रखने के लिए कुछ करके दिखाना होगा।

**'स्वार्थ' फायदा पहुंचाता है**

स्वार्थी होना मुझे नुकसानदायक नहीं लगा। इससे मैं बेहतर हुआ। मेरी प्राथमिकता बेहतर खिलाड़ी बनने की थी। मेरे लिए 'ना' कहना आसान था। मुझे पता था हां की तो असर खेल पर होगा। दोस्तों के साथ वक्त बिताना हो या रिलेशन निभाना, प्राथमिकता पर जिम और खुद के आराम को रखा।

# सहारनपुर में कक्षा 9वीं की छात्रा से दुष्कर्म

**सहारनपुर।** देवबंद नगर में एक नौवीं की कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गांव के ही युवक पर आरोप लगा है। आरोप है कि युवक छात्रा को बहला फुसलाकर और धमकी देकर सुनसान जगह पर ले गया। दुष्कर्म करने के बाद किसी को नहीं बताने के लिए उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामला देवबंद क्षेत्र के एक मोहल्ला का है। पीड़ित पिता ने बताया कि बेटी (13) देवबंद के ही एक कॉलेज में कक्षा 9 की छात्र है। मंगलवार दोपहर वह बदहवास हालत में घर पहुंची। पूछने पर उसने बताया, सुबह 8 बजे अपने कॉलेज में परीक्षा देने जा रही थी। कॉलेज से पहले एक बाजार में पड़ता है। वहां पर वरीस मिला। वरीस मुझसे बहस करने लगा। मुझसे बदतमीजी करने लगा। जब मैंने मना किया तो धमकी देने लगा। बोला कि तुम्हें और परिवार को जान से मार देंगे।

# कानपुर में तेजी से बढ़ रहा डेंगू



**कानपुर।** कानपुर में डेंगू व डायरिया का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर से आठ नए डेंगू के मरीज पाए गए हैं। लगातार सफाई व अभियान के बावजूद बीमारियों का कहर थम नहीं रहा है। ऐसे में अब मच्छरों से सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए हैं।

उर्सला की जांच रिपोर्ट में सबसे ज्यादा जिले में छह डेंगू के मरीज पाए गए। जिले में अब डेंगू के सक्रिय मरीजों की संख्या 14 हो गई है। सीताराम मोहाल निवासी शिक्षा अग्रवाल (10), स्वरूप नगर निवासी पत्नी देवी (53), कल्याणपुर आवास विकास निवासी सुनीता (58), सिविल लाइंस निवासी प्रिया (17), कानपुर देहात रूरा निवासी आकाश (28) और पुलिस लाइन निवासी शशांक पांडेय (22) में डेंगू की पुष्टि हुई है। रीजेंसी अस्पताल की जांच में न्यू ईदगाह कालोनी निवासी अर्पित और दबौली निवासी विष्णु में भी डेंगू के लक्षण पाए गए हैं। दोनों का इलाज हो रहा है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग पाए गए डेंगू मरीजों के घरों में ट्रेसिंग का काम करा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सुरेंद्र नगर रावतपुर में कैंप लगाया। डाक्टरों की जांच में तीन नए डायरिया के मरीज पाए गए। हालत गंभीर होने पर एक मरीज का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। 200 लोगों को ओरआरएस और 410 लोगों को क्लोरीन की गोली वितरित की गई। मोहल्लों की खुली नालियों व जलभराव वाले स्थलों पर लार्वीसाइडल दवा का छिड़काव कराया गया। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की मेडिसिन डिपार्टमेंट की हेड डॉ. प्रो. ऋचा गिरी ने बताया कि मेडिसिन विभाग मरीजों से फुल हो चुका है। बीते 5 दिनों में पेशेंट काफी ज्यादा एडमिट हुए हैं। मौसम में बदलाव के चलते डायरिया और गैस्ट्रो की मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है।

# चाकू से गोदकर मां की हत्या

**बरेली।** थाना किला मोहल्ला चंदन नगर में निवासी सूरज ने शराब पीने को रुपये नहीं देने पर अपनी पत्नी अनीता पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। सूरज की मां मंजू देवी (68) ?बीचबचाव करने आईं तो उसने उन पर भी हमला कर दिया और चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। परिजन के मुताबिक सूरज ने अपनी पत्नी अनीता से शराब पीने को रुपये मांगे। अनीता ने रुपये नहीं दिए तो उसने सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर दिया। अनीता बचने को घर से बाहर भागीं तो उसने पीठ पर चाकू से दो वार किए। गली में पहुंचने पर सूरज की मां मंजू देवी बीचबचाव करने लगीं तो उसने उन पर भी हमला कर दिया। पहले तो उन्हें धक्का देकर गिराया और फिर पीठ में चाकू से ताबड़तोड़ कई प्रहार किए। इसके बाद वह भाग निकला। दूसरा बेटा जय प्रकाश उन्हें निजी अस्पतालों में लेकर पहुंचा लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ आशीष प्रताप सिंह और इंस्पेक्टर शितांशु शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

# दीपावली और छठ पर आपकी यात्रा के लिए विशेष इंतजाम

**लखनऊ।** त्योहारों के मौके पर रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। जिन रूट पर यात्रियों की भीड़ ज्यादा है, वहां स्पेशल ट्रेनों की संख्या, ट्रेनों में बोगियों की संख्या के साथ ही उन्हीं रूट पर नॉन स्टाफ बसें भी चलाई जा रही हैं। अगर आप भी दीपावली और छठ पर यात्रा करने वाले है तो आपके लिए यह जानकारी बेहद मददगार हो सकती है।

सबसे पहले हम आपको ट्रेन के बारे में जानकारी दे रहें है। दीवाली



और छठ पर सबसे ज्यादा भीड़ पूर्वांचल रूट पर होती है। पूर्वोत्तर रेलवे ने इस ट्रैक पर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। अभी 20 स्पेशल ट्रेनों का संचालन लखनऊ मंडल से किया जा रहा है। जरूरत को देखते हुए ट्रेनों में अतिरिक्त बोगियां भी लगाई जाएंगी। साथ ही वेटिंग ज्यादा होने पर स्पेशल ट्रेनों की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है। दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए उत्तर रेलवे ने दो और स्पेशल ट्रेनों का ऐलान किया है। 20 अक्टूबर से दोनों ट्रेनें चार-चार फेरे लगाएंगी। देहरादून-हावड़ा अप-डाउन (04316/04315) का संचालन 20 अक्टूबर से होगा। ट्रेन हावड़ा रात 12:30 बजे चल कर अगले दिन सुबह 09:15 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वापसी में 21 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे चल कर अगले दिन रात में 8 बजे देहरादून पहुंचेगी। देहरादून-मुजफ्फरपुर अप-डाउन (04314/04313) भी 20 अक्टूबर से चलेगी। ट्रेन देहरादून से शाम 5:15 बजे चलकर अगले दिन शाम 6:30 बजे मुजफ्फरपुर जं. पहुंचेगी। इसके बार रात 08:30 बजे चल कर अगले दिन रात 11-20 बजे देहरादून जं. पहुंचेगी।

# एटा में दिवाली को लेकर पुलिस सतर्क

**एटा।** एटा जनपद में दीवाली के अवसर पर होने वाले जुआ और सट्टा के विरुद्ध पुलिस ने अभियान चलाया हैं।

इसके तहत थाना देहात कोतवाली पुलिस ने 3 सटोरियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उनके कब्जे से 3980 रुपये, एक मोमबत्ती, माचिस, सट्टा पर्ची व 3 डॉट पेन बरामद हुए हैं। यह अभियान एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के नेतृत्व में जनपद भर में चलाया जा रहा है। एटा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाए जाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के परिदृश्य से थाना कोतवाली देहात पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 3 सटोरियों को सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पर अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# मथुरा में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी को बंधक बनाया

**मथुरा।** दीपावली आते ही मिलावटी मावा बिकने लगा है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी करते हुए 3 कुंतल मावा जब्त कर लिया। उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया। खाद्य विभाग की टीम द्वारा मिलावट खोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान विरोध का भी सामना करना पड़ा। टीम बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड पर जब यादव मिठाई और बेकरी वाले के यहां छापा मारा तो यहां दुकान स्वामी योगेश यादव और अन्य लोगों ने टीम को बंधक बना लिया। टीम को लीड कर रहे खाद्य अधिकारी गजराज सिंह ने बताया, टीम को बंधक बनाकर दुकान स्वामी और उसके सहयोगियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

बंधक बनाई गई टीम ने किसी तरह पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने टीम को मुक्त कराया। इसके बाद खाद्य अधिकारी गजराज ने योगेश यादव और राजेंद्र यादव के अलावा 10 से 12 लोगों के खिलाफ अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना शहर कोतवाली



में मुकदमा दर्ज कराया। टीम ने बंधक बनाने वाले लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। मथुरा से आगरा की तरफ जाने वाली नेशनल हाईवे पर रैपुराजाट के पास मिलावटी खाद्य पदार्थ की रोकथाम के लिए चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम ने मौके पर आगरा से लाए जा रहे मावा चेक किया। चेक करने पर मावा मिलावटी मिला।

## अब पराली जलेगी नहीं, चारा बनेगा

**अलीगढ।** धान की कटाई के बाद किसान फसल के अवशेषों को जलाएं नहीं, इसके लिए सरकार ने पहल की है। इस पराली से चारा बनाने वाले किसानों को सहायता देगी और उन्हें कृषि उपकरण उपलब्ध कराएगी। छोटे किसानों को यह उपकरण मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए पूरे प्रदेश में तैयारी कर ली गई है।वहीं अलीगढ में भी किसानों की मदद के लिए कृषि उपकरण खरीदे जा चुके हैं। जिले की 27 ग्राम पंचायतों में उपकरण खरीदे जा चुके हैं, जो अब किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसके बाद गौशालाओं के लिए इस चारे को खरीदा जाएगा। धान की फसल के बाद किसान अपनी फसलों के अवशेषों को जलाते हैं। इससे पर्यावरण में प्रदूषण फैलता है। एनजीटी ने पराली जलाने पर रोक लगाई थी, जिससे कि वायु प्रदूषण को रोका जा सके। इसलिए सरकार ने इस पराली को इस्तेमाल में लेने की तैयारी की है। अलीगढ के सभी 10 ब्लाकों के विकास अधिकारियों की निगरानी में उपकरण खरीदे गए हैं, जो किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार दिए जाएंगे। जिससे किसान इस पराली को जलाने के बजाय उसका चारा बनाएंगे, जो पशुओं के काम आएगा। ऐसे में प्रदूषण को फैलने से रोका जा सकता है।

# सुजलॉन को अडाणी ग्रीन से मिला ऑर्डर

रिन्युएबल एनर्जी सर्विस प्रोवाइडर सुजलॉन ग्रुप को 48.3 मेगावाट विंड पावर प्रोजेक्ट को डेवलप करने का अडाणी ग्रीन एनर्जी से प्रोजेक्ट मिला है। सुजलॉन 23 यूनिट विंड टर्बाइन जनरेटर लगाएगी। यह प्रोजेक्ट गुजरात के मांडवी में स्थित है, और इसके 2023 में चालू होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि यह ऑर्डर अडाणी ग्रीन के पहले से मौजूद 226.8 मेगावाट के ऑर्डर के अतिरिक्त है जिसकी घोषणा 13 अगस्त को की गई थी। सुजलॉन इस प्रोजेक्ट को सप्लाई, इंस्टालेशन और कमीशन करके एग्जीक्यूट करेगी। यह पोस्ट-कमीशन ऑपरेशन और मेंटेनेंस सर्विस भी ऑफर करेगी। इस खबर के सामने आने के बाद मंगलवार को सुजलॉन के शेयरों में करीब 4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। ये सुबह करीब 11.30 बजे 35 पैसे बढ़कर 7.80 पर कारोबार कर रहा था। इसकी डे




रेंज 7.55 से 7.90 की रही। ये 7.65 रुपए पर ओपन हुआ था। वहीं कंपनी का शेयर आज 0.25 रुपए (3.36) बढकर 7.70 रुपए पर बंद हुआ।

**खुशी है कि अडाणी ने भरोसा जताया**

सुजलॉन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गिरीश तांती ने कहा, हमें खुशी है कि अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने मांडवी, कच्छ, गुजरात में अपने विंड एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए एडिशनल ऑर्डर के लिए हम पर भरोसा जताया। सुजलॉन ग्रुप के सीईओ अश्विनी कुमार ने कहा कि सुजलॉन विंड टरबाइन में आमतौर पर 70-80 घरेलू सामग्री होती है और भारत में मैन्युफैक्चर होती है, जो आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप है।

**1995 में बनी थी सुजलॉन एनर्जी**

तुलसी आर तांती का साल 1995 में कपड़े का व्यवसाय था। उन्होंने कपड़ा कंपनी की एनर्जी जरूरतों को पूरा करने के लिए विंड एनर्जी प्रोडक्शन में कदम रखा था। इसी कारण तांती ने 1995 में ही सुजलॉन की स्थापना की थी। सुजलॉन ग्रुप का हेडक्वार्टर पुणे में है। इसकी उपस्थिति 17 देशों में है। तुलसी तांती का 1 अक्टूबर को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था।

**तांती की विरासत को आगे बढ़ाने को तैयार**

अश्विनी कुमार ने कहा, इस कठिन समय में, कंपनी के अत्यधिक अनुभवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और सीनियर मैनेजमेंट तांती की विरासत को आगे बढ़ाने को पूरी तरह से कमिटेड है।






# आलिया भट्ट अपने बच्चे को मुंबई के इस अस्पताल में देंगी जन्म



आलिया भट्ट इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी के फाइनल ट्राइमेस्टर में हैं और कभी भी मां बन सकती हैं। हालांकि एक्ट्रेस ने अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान खूब काम किया है। लेकिन अब वह थोड़ा आराम कर रही हैं और अब बेबी की डिलीवरी का इंतजार कर रही हैं। इस बीच नई जानकारी सामने आई है कि आलिया कहां अपने बेबी की डिलीवरी करने वाली हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक आलिया नवंबर के एंड या दिसंबर के शुरुआत में बेबी को जन्म देंगी। इसके अलावा जिस अस्पताल में वह बेबी की डिलीवरी देने वाली हैं उसका नाम है एच एन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल जो साउथ मुंबई में है। बता दें कि जिस अस्पताल में आलिया बेबी की डिलीवरी करने वाली हैं वो वही अस्पताल है जहां ऋषि कपूर का इलाज हुआ था और वहीं उन्होंने आखिरी सांस ली थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक परिवार ने काफी प्लानिंग के बाद इस अस्पताल को चुना है। बता दें कि आलिया जब प्रेग्नेंसी की स्टार्टिंग स्टेज पर ही थीं तब ही उन्होंने अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन की शूटिंग की थी। इस दौरान भी उन्होंने कई एक्शन सीन परफॉर्म किए थे। वहीं फिर वहां से आने के बाद आलिया ने अपनी और रणबीर कपूर की फिल्म ब्रह्मास्त्र का प्रमोशन किया। वह एक शहर से दूसरे शहर खूब ट्रैवल करती रहीं। फिर उन्होंने इस बीच अपनी अपकमिंग फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की भी शूटिंग की थी जो अब अगले साल रिलीज होगी। इस फिल्म में आलिया के साथ रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म को करण जौहर डायरेक्ट कर रहे हैं। आलिया ने अपने कपड़ों के ब्रांड के दौरान मैटरनिटी क्लोथ लॉन्च किए हैं। उन्होंने बताया कि खुद भी उन्होंने इसी ब्रांड के कपड़े अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान पहने हैं। वैसे ऐसी खबर आ रही है कि आलिया बेबी के जन्म के बाद थोड़ा लंबा मैटरनिटी ब्रेक लेंगे क्योंकि वह बेबी के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहती हैं। लेकिन अब एक्ट्रेसेस ज्यादा लंबा ब्रेक लेती नहीं हैं तो देखते हैं कि आलिया कब काम पर वापस लौटेंगी।

# होश उड़ा देगी वरुण धवन की 'भेड़िया'






वरुण धवन और कृति सैनन स्टारर फिल्म भेड़िया का ट्रेलर आज रिलीज होगा। फिल्म के कई पोस्टर हाल ही में रिलीज किए जा चुके हैं जो काफी ज्यादा क्यूरियॉसिटी क्रिएट कर रहे हैं। स्त्री और बाला जैसी फिल्में बना चुके निर्देशक अमर कौशिक ने फिर एक बार निर्देशक की कुर्सी संभाली है, लेकिन इस फिल्म में आखिर ऐसा क्या है कि इसकी तुलना फैंस हैरी पॉटर और गॉडजिला जैसी फिल्मों से कर रहे हैं? दिनेश विजान के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के पोस्टर्स से ही आप समझ गए होंगे कि फिल्म में VFX का भी जबरदस्त इस्तेमाल देखने को मिलने वाला है। फिल्म के कई पोस्टर्स में वरुण धवन के भीतर भेड़िए के रूह या शक्तियां समाहित होते दिखाई गई है। लेकिन क्या आपको पता है कि फिल्म के VFX बहुत खास होने वाले हैं।सोशल मीडिया पर फैंस इस बारे में खूब बात कर रहे हैं कि इस फिल्म के वीएफएक्स MPC VFX कंपनी ने बनाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह वही कंपनी है जिसने स्पाइडर मैन- नो वे होम, गार्डियन्स ऑफ द गैलेक्सी, हैरी पॉटर, एक्वामैन, गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग और टॉप गन जैसी फिल्मों के लिए VFX वर्क किया है। ऐसे में एक बात दावे के साथ कही जा सकती है कि फिल्म के VFX बहुत जबरदस्त होने वाले हैं। लेकिन क्या फिल्म की कहानी और बाकी चीजें भी उम्मीद के मुताबिक होंगी? यह फिल्म की रिलीज के बाद ही पता चलेगा। बता दें कि फिल्म का ट्रेलर आज दोपहर रिलीज किया जाएगा।

# ट्विटर पर उर्वशी रौतेला ने ऐसे दिया फैन्स को 'धोखा'

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला बीते कुछ दिनों से लगातार खबरों में बनी हुई हैं। एक ओर जहां उर्वशी के फोटोज और वीडियोज वायरल हो रहे हैं तो दूसरी ओर उन्हें काफी ट्रोल भी किया जा रहा है। उर्वशी को लेकर सोशल मीडिया पर काफी मीम्स भी वायरल हो चुके हैं। हाल ही में उनका इसको लेकर दुख भी छलका था, लेकिन इस बीच उन्होंने फिर से कुछ ऐसा कर दिया है कि वो ट्रोल हो रही हैं। उर्वशी रौतेला ने अपने फैन्स को धोखा दिया है, जिस वजह से उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल करीब 5-6 घंटे पहले उर्वशी रौतेला ने ट्विटर पर एक ट्वीट किया था। अपने ट्वीट में उर्वशी ने AskUrvashi सेशन का जिक्र किया था। यानी इस हैशटैग के साथ उर्वशी अपने फैन्स के सवालों के जवाब देतीं, हालांकि सभी सवाल तो नहीं लेकिन कुछ चुनिंदा। लेकिन उर्वशी ने किसी भी फैन के एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया है, जिसकी वजह से अब उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। एक ओर फैन्स का कहना है कि उन्हें धोखा मिला है तो दूसरी ओर अन्य ट्विटर यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। उर्वशी पर एक बार फिर मीम्स वायरल हो रहे हैं। याद दिला दें कि इस महीने की शुरुआत में उर्वशी रौतेला का TED वीडियो सामने आया था, हालांकि उस वक्त तो उसकी ज्यादा चर्चा नहीं हुई लेकिन अब उर्वशी पर स्पीच चोरी करने के आरोप लग रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स काक हना है कि उन्होंने TED टॉक में दी अपनी स्पीच को कॉपी किया है। कहा जा रहा है कि उर्वशी की स्पीच इसाबेल एलेंडे, चिमामांडा न्गोजी अदिची, डेनियल एच पिंक, ब्रेन ब्राउन जैसे कई बडे स्पीकर्स की कॉपी है। बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं है जब उर्वशी ऐसे किसी आरोप के चलते खबरों में हैं। इससे पहले सितंबर 2018 में उर्वशी रौतेला एक पोस्ट को कॉपी करने की वजह से चर्चा में थीं। उर्वशी ने अपना एक इंस्टा पोस्ट, सुपरमॉडल गीगी हदीद के पोस्ट को हुबहू कॉपी किया था। हालांकि ट्रोल होने के बाद उर्वशी ने इसे अपनी टीम की गलती बताया था।



# बिग बॉस: टीना दत्ता का दिखा असली चेहरा

बिग बॉस के आज के एपिसोड की शुरुआत किचन से हुई जहां पहले मान्या सिंह और अर्चना गौतम के बीच लड़ाई होती है। इसी बीच गोरी वहां आती हैं और फिर गोरी और अर्चना के बीच एवोकाडो को लेकर लड़ाई होती है। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई होने लगती है। फिर बिग बॉस सभी को लिविंग एरिया में बुलाकर पूछते हैं कि कौनसे 2 ऐसे कंटेस्टेंट हैं जो घर में एक्टिव नहीं हैं। ज्यादातर वोट सुम्बुल तौकीर खान और मान्या सिंह को मिलते हैं जिस वजह से बिग बॉस दोनों को मास्क पहनकर घर में रहने को बोलते हैं। उस मास्क से दोनों का पूरा चेहरा छिपा होता है सिर्फ आंखें दिख रही होती हैं। सुम्बुल को ऐसा देखकर शालीन भनोट को बुरा लगता है, लेकिन वह जानते हैं कि उन्होंने और टीना ने भी सुम्बुल का नाम लिया था इसलिए वह भी उनसे नाराज होंगी। हालांकि शालीन कहते हैं कि अब चाहे कोई कुछ भी बोले मैं तुम्हें गाइड करने वाला हूं और तुम वो करना जो मैं कहूं ताकि तुम दिखो। इसके बाद टीना कहती हैं कि तुम उसे अपने इशारों पर नहीं नचा सकते। सुम्बुल फिर कहती हैं कि उन्हें घर जाना है, उनका यहां मन नहीं कर रहा जिसके बाद शालीन गुस्से से वहां से चले जाते हैं। इसके बाद बिग बॉस फिर सभी से बात करते हैं और कहते हैं कि गौतम, एम सी स्टैन, साजिद खान-अब्दु रोजिक को ट्रेन का एक-एक कोच मिलेगा। इसके बाद वह जिसे चाहें अपने कोच में बिठाएं। अब जिन-जिन कंटेस्टेंट्स को वे चुनेंगे वही उनके साथ उन्हें मिले कमरे में रहेंगे। बाकी जिन्हें कोई नहीं लेगा वो रूम नंबर 6 में जाएंगे। गौतम को 1, साजिद-अब्दु को 2 और स्टैन को 1 चुनना था। इसी बीच टीना, स्टैन के पास जाती हैं और कहती हैं कि मुझे चुनो। वह यह भी कहती हैं कि शालीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। स्टैन भी हैरान हो जाते हैं कि टीना जो एक तरफ शालीन के साथ लव एंगल चला रही हैं वह उन्हें लेकर ऐसा क्यों कर रही हैं। शिव फिर स्टैन को समझाते हैं कि टीना अगर शालीन के लिए ऐसा कहती हैं तो फिर सोचो। इसके बाद स्टैन, शालीन को ही चुनते हैं। फिर गौतम के पास निम्रत, टीना और सौंदर्या जाती हैं, लेकिन वह अर्चना को चुनते हैं और सभी हैरान हो जाते हैं। इसके बाद स्टैन, गोरी को भी चुनते हैं। वहीं साजिद-अब्दु सबसे पहले अंकित और फिर बाद में सुम्बुल को चुनते हैं। अब निम्रत, प्रियंका, टीना, सौंदर्या, मान्या को एक साथ रहना होगा।





# वैशाली ठक्कर ने बताई थी आखिरी इच्छा




वैशाली ठक्कर अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनकी मौत ने पूरी टीवी इंडस्ट्री को सदमे में डाल दिया। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और 'सुसराल सिमर का' सहित कई टीवी सीरियल में काम कर चुकीं वैशाली ने रविवार की दोपहर को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वैशाली के सोशल मीडिया पेज को देखें तो पता चलता है वो बेहद खुशमिजाज इंसान थीं और घूमने-फिरने की शौकीन थीं। वैशाली की एक आखिरी इच्छा थी जिसे उन्होंने अपने परिवार वालों के साथ काफी पहले ही जाहिर किया था। जब वो दुनिया में नहीं रहीं तो उनके परिवार ने इसे पूरा किया। वैशाली को अपनी आंखें बहुत प्यारी थीं। वह अपनी आंखें दान करना चाहती थीं और अपनी ये इच्छा अक्सर मां से बताती थीं। जब वैशाली की मौत हुई तो उनके परिवार ने उनके अंतिम संस्कार से पहले उनकी आखिरी ख्वाहिश पूरी की। वैशाली की आंखें जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को दान कर दी गई जिससे कोई जरूरतमंद इस दुनिया को देख सके।वैशाली ने अपनी शादी से कुछ दिन पहले ही दुनिया को छोड़ दिया। 20 अक्टूबर को उनकी शादी होने वाली थी। एनआरआई से शादी कर विदेश में बसने की उनकी योजना थी। घर पर शादी की तैयारियां चल रही थी। इसी बीच वैशाली की मौत से घर पर मातम पसर गया।

# सनी देओल जन्मदिन: गुपचुप शादी से गुस्से में अपनी पैंट फाड़ने तक...

सनी देओल का जन्म बॉलीवुड के ही मैन कहलाने वाले अभिनेता धर्मेंद्र और प्रकाश कौर के घर, 19 अक्टूबर 1965 को हुआ था। सनी देओल का असली नाम अजय सिंह देओल था, लेकिन धीरे- धीरे लोग उन्हें सनी बुलाने लगे और बाद में यही नाम फेमस हो गया। सनी देओल भी शुरू से ही एक्टर बनना चाहते थे, ऐसे में उन्हें एक्टिंग की पढ़ाई के लिए धर्मेंद्र ने इंग्लैंड भेज दिया। एक्टिंग की पढ़ाई पूरी होने के बाद सनी वापस आए और 1983 में फिल्म बेताब से डेब्यू किया। फिल्म के लिए सनी को दर्शकों ने पसंद किया औ साथ ही उन्हें फिल्मफेयर के बेस्ट एक्टर के लिए नॉमिनेट भी किया गया। सनी देओल की शादी का किस्सा भी किसी फिल्मी स्टोरी से कम नहीं है। कहा जाता है कि सनी देओल की सगाई 14 साल की उम्र में ही पूजा से हो गई थी, वहीं जब पूजा की फैमिली को पता लगा कि सनी देओल एक्टर बनने वाले हैं तो उन्हें लगा कि हीरो बनने के बाद सनी, पूजा को छोड़ देंगे। ऐसे में पूजा को वापस उनके परिवार ने इंग्लैंड बुला लिया।

धर्मेंद्र कहते थे कि फिल्म बेताब की रिलीज के बाद सनी और पूजा की शादी करवा देंगे, लेकिन पूजा के परिवाल वालों को विश्वास नहीं होता था। ऐसे में फिल्म की रिलीज से पहले ही इंग्लैंड में गुपचुप तरीके से पूजा और सनी की शादी हुई। ताकि इसका असर सनी के करियर पर न पड़े। हालांकि फिल्म रिलीज के बाद परिजनों और दोस्तों के लिए दोबारा शादी करवाई गई थी। शाहरुख खान और सनी देओल फिल्म डर में साथ नजर आए थे। फिल्म में सनी हीरो थे और शाहरुख विलेन, लेकिन एक ओर जहां शाहरुख का स्क्रीन टाइम ज्यादा था तो दूसरी ओर दर्शकों ने भी शाहरुख खान को काफी ज्यादा पसंद किया। कहा जाता है कि इस ही बात से सनी गुस्सा हो गए और एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि हीरो को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए, पैसे लेकर किसी की भी शादी में नहीं नाचना चाहिए। कहा जाता है कि फिल्म को लेकर ही सनी देओल की यश चोपड़ा से बहस हो गई थी और अपने गुस्सो को काबू करने के लिए पॉकेट में हाथ डाले सनी ने अपनी ही पैंट फाड़ दी थी। त्रिदेव, अर्जुन, डकैत, घायल, लुटेरे, जीत, घातक, बॉर्डर और जिद्दी जैसी कई हिट फिल्में देने वाले सनी देओल की फिल्म गदर ने हकीकत में गदर मचा दिया था। फिल्म 2001 में रिलीज हुई थी और कहा जाता है कि इस फिल्म के लिए 6 बजे ही थिएटर्स खुल गए थे। फिल्म के करीब 8 शोज चलते थे और उसके बाद भी बड़ी संख्या में लोग फिल्म देखने के लिए बाहर इंतजार करते थे।








### मुआवजा वृद्धि और अन्य मांगों को लेकर एनटीपीसी के खिलाफ महापंचायत

# महिलाओं ने निकाली रैली, सड़क पर लगाया जाम, 250 पर मुकदमा दर्ज

**जय हिन्द संवाद**

**दादरी।** मुआवजा वृद्धि और अन्य मांगों को लेकर एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांवों की एक महिला महापंचायत पटाड़ी गांव में आयोजित की गई। महापंचायत के बाद सैकड़ों की संख्या में महिलाएं रैली निकालकर एनटीपीसी गेट की तरफ बढ़ी। इसी दौरान महिलाओं का और पुलिस का रसूलपुर गांव के पास आमना-सामना हो गया। जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में महिलाएं रोड जाम कर सड़क पर बैठ गई। एसडीएम दादरी में 2 दिन बाद मांगों को लेकर एनटीपीसी प्रबंधन से वार्ता कराने का आश्वासन दिया जिसके बाद महिला सड़क से हट सकी। पुलिस ने 20 को नामजद करते हुए ढाई सौ लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।



साल 1986 में एनटीपीसी में करीब 24 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया था। शुरुआती दौर में एनटीपीसी द्वारा 6 रुपए प्रति गज के हिसाब से किसानों को मुआवजा दिया था। इसी वित्त वर्ष में कुछ किसानों को 120 रुपए प्रति गज के हिसाब से मुआवजा दिया गया था। दोनों मुआवजे की दर में बड़ा अंतर आने के कारण किसान एक समान मुआवजा दर की मांग कर रहे हैं। किसानों की मांग है कि प्रभावित किसानों के परिवार से एक सदस्य को एनटीपीसी में नौकरी और गांव को अन्य सुविधा दीजाएं इन मांगों को लेकर किसान लंबे समय से आंदोलनरत हैं।

इसी को लेकर मंगलवार को किसानों ने एक महिला महापंचायत का आयोजन गांव पठारी में किया था। पंचायत में किसानों ने फैसला लिया कि यदि एनटीपीसी इसी माह में मांगों को पूरी नहीं करती है तो 31 अक्टूबर को एनटीपीसी के गेट पर तालाबंदी की जाएगी महापंचायत के बाद महिलाओं की रैली एनटीपीसी के लिए निकल गई रैली का सामना रसूलपुर गांव के पास पुलिस प्रशासन से हो गया इस दौरान महिला मांगों को लेकर सड़क पर ही बैठ गई। जिसके बाद एसडीएम आलोक कुमार गुप्ता ने 2 दिन में एनटीपीसी से वार्ता कराने का आश्वासन दिया जिसके बाद माहौल शांत हो सका।

# त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट

### ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर रविशंकर छवि ने किया पैदल भ्रमण



**जय हिन्द संवाद**

**नोएडा।** त्योहारों को लेकर पुलिस कमिश्न के निर्देशानुसार अपर पुलिस आयुक्त लॉ एंड आर्डर द्वारा थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे रोड, पुराना बाजार, जीटी रोड एवं मिश्रित आबादी वाले स्थानों आदि का भ्रमण किया गया।

वातार्लाप के दौरान महिलाओं से पुलिस कार्यशैली के बारे में फीडबैक लिया गया और सम्बन्धित अधिकारीगण को प्रभावी पैट्रोलिंग सुनिश्चित कराने, आस-पास सीसीटीवी कैमरों की सहायता से नजर रखने व महिला सुरक्षा ईकाई व स्वयं सिद्धा टीम एवं यातायात पुलिस को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के साथ साथ यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। वहीं सभी जोन के डीसीपी, सभी एडीसीपी के नेतृत्व में सभी एसीपी व थाना प्रभारियों द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च करते हुए संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की तलाश हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## पुलिस ने 24 घंटे में गुमशुदा बच्चे को बरामद कर परिजनों को सौंपा



**जय हिन्द संवाद**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा, गुमशुदा बच्चे को 24 घंटे में सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द किया। थाना सेक्टर 63 पर एक व्यक्ति ने अपने बेटे (उम्र 10) वर्ष के खेलते समय कही गुम होने के सम्बन्ध में सूचना दी। पुलिस ने सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश कर उसे परिजनों के हवाले किया। थाना सेक्टर 63 के थाना प्रभारी अमित कुमार मान ने बताया कि गुमशुदा बच्चे की तलाश के प्रयास करते हुये,आसपास के सीसीटीवी फुटेज को चैक किया और अथक प्रयास करते हुये मंगलवार को पुलिस द्वारा सेक्टर 62 गोलचक्कर से बच्चा मिल गया। पुलिस द्वारा बच्चे के परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द किया गया। बच्चे को पाकर परिजनों ने खुश होते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## फर्जी वीजा एवं पासपोर्ट बनाने का भंडाफोड़, तीन नाइजीरियन गिरफ्तार

### 18 पासपोर्ट, 21 इंडियन वीजा, 30 मोबाइल फोन, 12 लाख की ड्रग्स बरामद

**जय हिन्द संवाद**

**नोएडा।** जनपद की स्पेशल टीम एवं थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड, गैंग के सदस्यों को पूर्व में गिरफ्तार किया था विवेचना में तीन नाम और पाए गए, जिन्हें मंगलवार को गिरफ्तार किया। जो इंडियन वीजा, पासपोर्ट फर्जी तरीके से बनाने का गोरखधंधा कर रहे थे। पकड़े गए अभियुक्त 10 से 12 हजार में वीजा बेचते थे। इनके पास से 18 पासपोर्ट, 21 इंडियन विजा ,जिसमें बिजनेस वीजा, एजुकेशन वीजा, टूरिस्ट वीजा शामिल है। 30 मोबाइल फोन, 16 एटीएम कार्ड , डेबिट कार्ड ,20 सिम कार्ड तथा 65 ग्राम अमेरिकन ड्रग्स अंतरराष्टीय कीमत 12 लाख रुपए, 48 यूएसए डॉलर ,एक होंडा कार, स्कूटी आदि बरामद किया है।





डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि स्पेशल सेल गौतम बुध नगर एवं थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने संयुक्त अभियान के तहत पूर्व में फर्जी सिम कार्ड के साथ पकड़े गए नाइजीरियन को गिरफ्तार किया था। उनके द्वारा बताए गए तीन अन्य नाम संज्ञान में आए। जिन्हें मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त 10 से 12 हजार में इंडियन वीजा उपलब्ध कराते थे। इनके पास से 18 पासपोर्ट फर्जी, 21 इंडियन वीजा फर्जी, 30 मोबाइल फोन, 16सिम कार्ड, 65 ग्राम अमेरिकन ड्रग्स, जिसकी कीमत 12 लाख रुपए बरामद की है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस फर्जी तरीके से रह रहे अन्य नाइजीरियन नौकरी दी पुलिस तलाश कर रही है, जो फर्जी तरीके से रह रहे हैं। डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा ने बताया कि आरोपितों की पहचान लेडले जिमोह, ऑलिंस तबुगो, अजुह डेनियल के रूप में हुई है। डीसीपी ने बताया कि स्पेशल सेल व थाना नॉलेज पार्क के संयुक्त अभियान में फर्जी पासपोर्ट/वीजा बनाने, साइबर ठगी व अवैध ड्रग्स सप्लाई करने वाले के आरोप में तीनों विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि अवैध रूप से भारत में रह रहे नाइजीरियन नागरिकों के खिलाफ नोएडा प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड केस का पदार्फाश किया था। इसी मामले की जांच के दौरान तीन विदेशी लोगों की जानकारी मिली। नाइजीरिया के तीनों आरोपित अवैध तरीके से फर्जी वीजा-पासपोर्ट बनाकर लोगों को मुहैया कराते थे।

## दबंगों की दबंगई: अधिवक्ता और उनकी पत्नी को पीटा

**जय हिन्द संवाद**

**नोएडा।** आगाहपुर गांव में दबंगों ने अधिवक्ता के घर पर धावा बोलकर उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने उनकी पत्नी के साथ अश्लील हरकत की और उनके गले से सोने की चेन लूट ली। इस संबंध में पीड़ित ने सेक्टर-49 थाने में शिकायत दी है।

पुलिस को दी शिकायत में अगाहपुर गांव में रहने वाले एक अधिवक्ता ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले भजन लाल, महेश, राजू, धर्मेंद्र, पवन, गुड्डन ने उनके घर पर धावा बोला दिया। आरोप है कि इन लोगों ने उनके और उनकी पत्नी के साथ मारपीट की। उनकी पत्नी के साथ अश्लील हरकत की और उनके गले से सोने की चेन लूट ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर लूटपाट, अश्लील हरकत ,मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिवक्ता का आरोप है कि उनके पड़ोस में अवैध रूप से शराब बेची जाती है। कुछ लोगों को अधिवक्ता द्वारा पुलिस को मुखबिरी करने का शक था। इसके चलते उन पर हमला किया गया।

## 28 से शुरू होगा चार दिवसीय छठ महापर्व

### अखिल भारतीय प्रवासी महासभा ने शुरू की छठ पर्व की तैयारियां

**जय हिन्द संवाद**

**नोएडा।** अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के द्वारा सेक्टर 75 में छठ महापर्व की तैयारियां शुरू 28 अक्टूबर से 4 दिन तक चलेगा पर्व।

राष्ट्रीय अध्यक्ष व सूर्यदेव पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि सूर्योपासना के महान पर्व छठ की तैयारियां सेक्टर-75 में जोरों से शुरू हो गई हैं। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने हेतु सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में एक बड़ा छठ घाट निर्मित किया जा रहा है। छठघाट 50 फीट लम्बा,15 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा होगा।घाट में जल, प्रकाश आदि की उत्तम व्यवस्था की जायेगी। श्री शर्मा ने बताया कि सूर्योपासना का महान छठ पर्व 28 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है। 29 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल पंचमी के दिन खरना की पूजा होगी। 30 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल षष्ठी के सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। 31 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल सप्तमी के प्रातःकाल उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया है कि 30 अक्टूबर को सायंकाल सूर्यदेव पूजा समिति द्वारा सेक्टर-71 के सेंट्रल पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जायेगा।



प्रसिद्ध गायिका क्षमा पांडेय, प्रीति प्रकाश, देवेश कुंदन, पूजा मंडल सहित कई गायकों और गायिकाओं द्वारा भोजपुरी, हिंदी, मगही, मैथिली, अंगिका, पंजाबी गीतों का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा।

## पीजी की पहली मेरिट जारी 21 अक्टूबर तक होंगे प्रवेश

**जय हिन्द संवाद**

**नोएडा।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय कैंपस और संबद्ध कॉलेजों में एमए, एमकॉम, एमएससी, एमएससी एजी और एलएलबी सहित पीजी ट्रेडिशनल-प्रोफेशनल कोर्स की पहली मेरिट जारी हो गई है। कॉलेजों में इस मेरिट से आज से प्रवेश शुरू होंगे।

मेरिट में शामिल विद्यार्थी अपनी लॉगइन आईडी से ऑफर लेटर डाउनलोड कर समस्त प्रमाण पत्रों के साथ संबंधित कॉलेज में रिपोर्ट करेंगे। पहली मेरिट में प्रथम वरीयता का कॉलेज मिलने के बावजूद प्रवेश नहीं लेने वाले छात्र-छात्राओं को दूसरी मेरिट में शामिल नहीं किया जाएगा। ऐसे छात्र आखिर में केवल ओपन मेरिट में दुबारा से प्रवेश को आवेदन कर सकेंगे। पीजी कोर्स में 21 अक्तूबर तक प्रवेश होंगे।

विश्वविद्यालय कैंपस एवं संबद्ध कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष ट्रेडिशनल-प्रोफेशनल कोर्स में रिक्त 79 हजार सीटों पर ओपन मेरिट से आज से प्रवेश होंगे। यूजी में भी कॉलेजों को 21 अक्तूबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करते हुए ऑनलाइन प्रवेश कंफर्म भी करने हैं।

### जम्मू-कश्मीर के सर्व समाज के पहाड़ी लोगों को एसटी का आरक्षण देने का ऐलान पर रोष

# गुर्जर समाज एक नवंबर को जंतर-मंतर पर देगा धरना


**जय हिन्द संवाद**

**नोएडा।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा और पथिक सेना द्वारा प्रेस क्लब सेक्टर-29 नोएडा में एक संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।



पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के गुर्जर बककरवाल समाज को पिछले तीस वर्षों से अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है। उन्हें एसटी के आरक्षण की सुविधा मिल रही है परन्तु पिछले दिनों केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के सर्व समाज के पहाड़ी लोगों को एसटी का आरक्षण देने का ऐलान कर दिया है। जोकि गैर संवैधानिक है, जिससे गुर्जर समाज को अपने मिल रहे आरक्षण पर कुठाराघात एवं अतिक्रमण का डर सता रहा है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को ये नहीं भूलना चाहिए कि, जम्मू-कश्मीर अगर हिन्दुस्तान का हिस्सा है, तो सिर्फ इस गुर्जर बककरवाल समाज की देश भक्ति और शहादत की वजह से, समूचे देश का गुर्जर समाज एक है, यदि हमारे जम्मू-कश्मीर के भाईयों के आरक्षण का अतिक्रमण हुआ, तो पूरे देश का गुर्जर सड़कों पर उतरेगा जैसे राजस्थान के गुर्जरों के समर्थन में पूरा देश जाम हो गया था। अपने घोषित निर्णय पर केन्द्र सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करे, इसलिए आगामीं एक नवम्बर को पथिक सेना एवं अखिल भारतीय वीर गुर्जर महा सभा के संयुक्त तत्वावधान में जन्तर-मन्तर दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री को ज्ञापन सौंपेगें। अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के संस्थापक नरेंद्र गुर्जर ने बताया कि धरना-प्रदर्शन पूरी तरह अनुशासित एवं शान्तिपूर्ण रहेगा और हमने जन्तर-मन्तर पर धरना-प्रदर्शन करने की अनुमति ले ली है। इस प्रदर्शन में जम्मू कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब के गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। जिसके लिए इन प्रदेशों के गांव-गांव में बैठकें करके लोगों से संपर्क किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग गुर्जर, डॉ. मुशर्रत गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सिंह भाटी, परविदंर सिहं, मोहित नागर, नीतीश भाटी, एकलव्य बैंसला उपस्थित थे।




जे. एच. जे. कम्यूनिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मोहम्मद इमरान द्वारा सी-65, सेक्टर-9 नोएडा, से प्रकाशित व बीएफएल इंफोटेक लि., सी-9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। संपादक मोहम्मद आजाद (RNI No. : UPHIN/05/14445), ( सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गौतमबुद्ध नगर में होगा ) फोन नं. 9311220786. फैक्स : 0120:4267616. Email: jaihindjanab00@gmail.com